दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। मंगलवार 18 फरवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 60 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## नीचे दिए चित्र में 12 की संख्या खोजने वाले को 12 मार्च को दोपहर 12 बजे 12 तरीके के पकवान टेस्ट कराए जाएंगे

# बूझो तो जानें!

www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति





कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 18 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 60 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## महाकुंभ मेला में फिर लगी आग, मौके पर पहुंची फायर बाइक की टीम, घटना में कोई हताहत नहीं



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर से आग लगने का मामला सामने आया है। कुंभ मेला के सेक्टर 8 में बजरंग दास मार्ग पर आग लगी है। मौके पर फायर बाइक की टीम पहुंची और आग बुझाने की कोशिश करने लगी।

आग लगने की घटना निजी संस्था के शिविर में हुई, जिससे टेंट और अन्य सामान जलकर राख हो गए। हालांकि, ये अच्छा रहा कि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

**सेक्टर 18-19 में भी लगी थी आग :** दो दिन पहले महाकुंभ मेला के सेक्टर 18 और 19 के बीच आग लग गई थी। इस आग ने कई टेंटों को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी मच गई थी। दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में मदद की। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने आग पर जल्द काबू पा लिया था, और इसमें कोई चोटिल नहीं हुआ, लेकिन श्रद्धालुओं और संतों के कई सामान इस अग्निकांड में राख हो गए थे।

**सेक्टर 18 में पहले भी लगी आग :** गौरतलब है कि इसी तरह की आग पहले भी सेक्टर 18 में लगी थी। शंकराचार्य मार्ग पर स्थित हरिहरानंद कैंप में 20 से अधिक टेंट आग की चपेट में आ गए थे। दमकल कर्मियों ने तुरंत पहुंचकर आग पर कुछ ही समय में काबू पा लिया था। उस घटना में भी कोई घायल नहीं हुआ था।

**महाकुंभ सिलिंडर ब्लास्ट की घटना :** इससे पहले, 19 जनवरी को भी महाकुंभ के सेक्टर 19 के कैम्प क्षेत्र में तीन गैस सिलेंडरों की विस्फोट के बाद आग लग गई थी।

फायर विभाग की तुरंत प्रतिक्रिया की वजह से आग पर जल्दी काबू पा लिया गया और उसमें भी कोई हताहत नहीं हुआ था। हालांकि, लगातार आग की इन घटनाओं ने महाकुंभ मेले में सुरक्षा उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए, रिक्टर स्केल पर 4.3 थी तीव्रता

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था।

दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये।

एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है।

### दिल्ली में बार-बार क्यों आता है भूकंप

दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र फोर में आता है। ये ऐसा इलाका होता है जहां भूकंप के तेज झटके आते रहते हैं। यहां बीच-बीच में झटके महसूस होते रहते हैं। 7 जनवरी को भी भारत, नेपाल और बांग्लादेश में सुबह के समय भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, नेपाल और भारत के सिक्किम की सीमा के पास चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत क्षेत्र में सुबह 7.1 तीव्रता का ये भूकंप आया था। पृथ्वी की ऊपरी सतह सात टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी हैं। जब इन प्लेट्स में हलचल होती है, तब भूकंप का खतरा होता है। जब ये प्लेट्स एक-दूसरे से टकराती हैं, पास आती हैं या दूर होती हैं तब जमीन हिलने लगती है। पूरे भारत को चार भूकंपीय क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। जोन 5 वह क्षेत्र है, जहां सबसे तीव्र भूकंप आते हैं, जबकि सबसे कम तीव्र भूकंप जोन 2 में आते हैं। देश का लगभग 11% क्षेत्र जोन 5 में, 18% क्षेत्र जोन 4 में, 30% क्षेत्र जोन 3 में और शेष क्षेत्र जोन 2 में आते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जोन-4 में है, जो दूसरी सबसे ऊंची श्रेणी है। ऐसे में यहां 8-9 तीव्रता के भूकंप का खतरा भी बना रहता है।



**इन इलाकों में ज्यादा जोखिम :** भूकंपीय क्षेत्र के लिहाज से दिल्ली को भी तीन इलाकों में बांटा गया है। उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के कुछ इलाके भूकंप की सबसे ज्यादा आशंका वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। इसमें डीयू का नॉर्थ कैंपस, वजीराबाद, जहांगीरपुरी और जनकपुरी जैसे इलाके शामिल हैं। इससे कम थोड़ी आशंका वाले क्षेत्रों में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बुराड़ी और नजफगढ़ के इलाके शामिल हैं। एम्स, नारायणा और जेएनयू भूकंप के लिहाज से सबसे सुरक्षित इलाकों में शामिल किए गए हैं।

## महानगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद शुरू होगा असली घमासान

### टीम में शामिल होने के लिए आने लगे हैं अभी से प्रदेश और क्षेत्रीय वालों के पैगाम



#### महामंत्री हैं चार और कौन सा चेहरा हो जायेगा बाहर

**करंट क्राइम।** महानगर टीम में मौजूदा समय में चार महामंत्री हैं। इनमें पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल और राजेश त्यागी के नाम हैं। बताया जाता है कि नई टीम में इन चार महामंत्रियों को रिप्लेस किया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि रिप्लेस होने वालों में एक महामंत्री ऐसे हैं जिनकी एन्ट्री पर वीटो ही एक विधायक की लगेगी। बताया जाता है कि विधायक जी इन महामंत्री के एन्टी हैं और वो इनकी एन्ट्री नहीं होने देंगे। इसके अलावा एक महामंत्री ऐसे हैं जो रिप्लेस होंगे और क्षेत्रीय टीम में भी जा सकते हैं। एक महामंत्री को लेकर ये उम्मीद जताई जा रही है कि वो फिर से स्थान ग्रहण करेंगे। जबकि एक महामंत्री का नाम उनके लिए आये फोन के बाद तय होगा।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर और जिला अध्यक्ष की घोषणा को लेकर अब जहां कार्यकर्ता भी शांत हो गये हैं वहीं सुना है कि अब दावेदारों ने भी गेम को फिनिश मान लिया है।

अब ये माना जा रहा है कि नाम तो तय होकर लिफाफे में बंद है। अब किसी प्रकार का विचार किसी प्रकार का विमर्श नहीं होना है। मगर एक सवाल जो भाजपा में लगातार उठ रहा है वो ये है कि क्या महानगर अध्यक्ष वाले सीन में इस बार वैश्य फैक्टर पर काम होने जा रहा है। क्या यहां किसी ओबीसी चेहरे को मौका मिलेगा। सवाल ये भी उठता है कि क्या स्टोरी में कोई तीसरा पहलू निकल कर आयेगा। बहरहाल अब घोषणा का इंतजार हो रहा है। बताया जाता है कि जहां तक महानगर अध्यक्ष पद की बात है। यहां जी फैक्टर काम करेगा। जिला अध्यक्ष को लेकर ओ फैक्टर की बात चल रही है। माना जा रहा है कि यहां किसी ओ के नाम पर मुहर लग चुकी है। फिलहाल घोषणा का इंतजार हो रहा है।

#### महानगर टीम में क्या चेहरे होंगे रिपीट

**करंट क्राइम।** ताजपोशी की बेला में नाम उन चेहरों के भी चल रहे हैं। जो पहली टीम में हैं और रिपीट होना चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार व्यापक स्तर पर परिवर्तन होना है। कई ऐसे चेहरे हैं जो लगातार रिपीट हो रहे हैं मगर इस बार उनमें से कुछ चेहरे बीट हो सकते हैं।

बताया ये भी जाता है कि महानगर की टीम में आने के लिए कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जिन्होंने प्रदेश स्तर से सिफारिश के जोर लगा दिये हैं। ऐसे में लाईन पार से कौन सा चेहरा टीम में आयेगा और कौन सा चेहरा बाहर हो जायेगा। इसके अलावा नदिया पार से किस चेहरे को टीम में स्थान मिलेगा ये हैवीवेट सिफारिश पर निर्भर करता है। सूत्र बताते हैं कि इस बार महानगर अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद सबसे बड़ा दंगल टीम में शामिल होने को लेकर होना है।

## अपर जिला जज का आदेश न्यायालय परिसर में गुटका, पान, बीड़ी-सिगरेट लेकर कोई ना करे प्रवेश

### प्रभारी निरीक्षक सुरक्षा न्यायालय परिसर को भेजा गया पत्र वादकारियों की पुलिस करें जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** न्यायालय परिसर में गंदगी ना हो और यहां साफ-सफाई रहे। इसके साथ ही यहां आने वाले वादकारियों की पुलिस को तलाशी भी लेनी पड़े तो वह भी लें ताकि लोग गुटखा, पान, बीडी-सिगरेट आदि लेकर न आएं। इससे न्यायालय परिसर में गंदगी होती है और अव्यवस्था भी बढ़ रही है।

अपर जिला जज नीरज गौतम द्वारा प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा परिसर को आदेश दिया गया है कि बीते दिनों मिले एक पत्र का संज्ञान लेते हुए पुलिस यहां सख्ती बढ़ाए और न्यायालय भवन में सभी प्रवेश द्वारों पर वादकारियों द्वारा ले जाने वाले ऐसे पदार्थों को रोका जाए। उनका कहना है कि यह न्यायालय परिसर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था के लिए बेहद आवश्यक भी है।




#### गंदगी और सुरक्षा दोनों है मुद्दा

करंट क्राइम : अपर जिला जज नीरज गौतम ने कहा है कि इसके पीछे मकसद है कि यहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे और कोई भी कुछ भी आपत्तिजनक सामान लेकर आए। इसके साथ ही न्यायालय परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर गुटखा, पान, बीडी-सिगरेट आदि ले जाने वालों की सुरक्षाकर्मियों द्वारा जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि यह अभियान प्रतिदिन चलाया जाए। उनका कहना है कि इसका मकसद साफ-सफाई और सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

#### कब ठीक होंगे न्यायालय परिसर के बंद कैमरे और स्कैनर मशीन

करंट क्राइम : पुलिस और प्रशासनिक सूत्रों से जानकारी मिली है कि न्यायालय परिसर और उसके प्रमुख मार्गों के कई कैमरे लंबे समय से खराब हैं। इसके साथ ही यहां सुरक्षा के लिहाज से स्कैनर मशीन भी ठीक प्रकार से संचालित नहीं होती हैं। वह बीच-बीच में खराब हो जाती हैं। जिसकी वजह से सुरक्षा व्यवस्था और इंतजामों पर ब्रेक लग जाता है। बता दें कि कई बार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी न्यायालय सुरक्षा परिसर की सुरक्षाओं का जायजा ले चुके हैं। इसके साथ ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद द्वारा कई बार इस संबंध में पत्र भी लिखा जा चुका है।

## पार्षद छाया त्यागी की शिकायत पर महापौर सुनीता दयाल ने लिया बड़ा एक्शन

## भूमाफियाओं पर दर्ज होगी एफआईआर और खाली करवाई 500 करोड़ की जमीन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल लगातार एक्शन वाला मोड अपना रही हैं और अतिक्रमण करने वालों से लेकर नगर निगम की भूमि पर बुरी नजर वालों के लिए वह कार्रवाई वाला हंटर भी चलवा रही हैं। बीते दिनों वार्ड 6 की पार्षद छाया त्यागी ने मेयर सुनीता दयाल को पत्र लिखते हुए नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने, बिल्डरों द्वारा सरकारी जमीन को बेंचने और धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री और खसरा व उनके कब्जे किए जाने की शिकायत की थी।

इसी मामले का संज्ञान लेते हुए वह सोमवार को वहां पर पहुंची। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल के साथ पार्षद छाया त्यागी, उनके पति संजय त्यागी और अन्य स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंची और निरिक्षण वाला काम शुरू कर दिया।

इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों के नाम भी पुलिस को दिए हैं, जिनके खिलाफ जल्द ही एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। महापौर सुनीता दयाल ने वहीं भूमि पर नजर रखने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके रहते हुए नगर निगम की जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है।

### एक-एक खसरा नंबर की महापौर ने खुद की जांच, बोली अब आएगी दोषियों पर आंच



करंट क्राइम : सोमवार को महापौर सुनीता दयाल, स्थानीय पार्षद छाया त्यागी के आग्रह पर यहां पहुंची थी। उन्होंने लगभग आधा दर्जन से अधिक खसरा नंबर की खुद मौके पर पहुंच कर जांच की और देखा कि अधिकांश भूमि को भूमाफियों द्वारा बेच दी गई हैं। कई जगह मकान बना लिए गए, तो कुछ भूमि पर सब्जी उगा रखी थीं। वहीं कुछ किराए पर दे दी गई हैं। कुछ भूमि पर पार्किंग बनाई जा रही है और कुछ भूमि पर अवैध बाउंड्री कराकर प्लाटिंग के बोर्ड लगे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि यह लगभग 100 बीघा से अधिक जमीन है। जिसकी कीमत 500 करोड़ रुपए के आसपास होगी। यह भूमि नंदग्राम के संगम विहार व राधा कुंज, सिहानी के जंगल इलाके में आती है। यहां जिन लोगों ने अवैध रूप से यह षड्यंत्र रचा है, उनके नाम चिन्हित कर लिए गए हैं और जल्द ही उनपर कार्रवाई होगी।

### नगर निगम की जमीन को छुपाने का भी है आरोप, पूर्व में भी हुई थी कार्रवाई

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने बताया है कि यह सभी भूमि को चिन्हित कर भूमि खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी। भूमाफियाओं के खिलाफ पीड़ित और नगर निगम द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। उन्हें बताया है कि इससे कुछ माह पहले भी मरियम नगर निगम की 500 गज भूमि बनाकर तैयार किया गया था। जिसमें आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई थी। वहीं भवन को सील कराया गया था, वहां पर भी हॉस्टल चलता मिला है। वहीं नगर निगम की संपत्ति लिखी गई थी, उसे छुपा दिया गया है। मौके पर पहुंची महापौर सुनीता दयाल ने उसे हटवा दिया और यहां की वीडियोग्राफी कराई गई है। इसके साथ कई लोगों को चेतावनी भी दी गई है कि वह जल्द से जल्द इसे खाली कर दें।

# दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा सीएम का शपथ ग्रहण!

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख आ गई है। 20 फरवरी को 4 ।30 बजे दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण का आयोजन दिल्ली के राम लीला मैदान में होगा।

बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह में 3 मंच बनाए जाएंगे। एक बड़ा मंच 4024 का होगा। वहीं, दो मंच 3440 के होंगे। मंच पर लगभग 100 से 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। आम लोगों के बैठने के लिए करीब 30 हजार कुर्सियां लगाई जाएंगी।

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) को मिली बंपर जीत के बाद से ही यह पूछा जा रहा था कि आखिरकार दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (अअढ) नेता आतिशी सहित कई लीडर लगातार यह सवाल पूछ रहे थे कि दिल्ली के सीएम के शपथ ग्रहण की तारीख और नाम का ऐलान आखिर कब किया जाएगा।

अब बीजेपी के सूत्रों से आयोजन की तारीख और समय के बारे में जानकारी सामने आ गई है। हालांकि, अब तक यह सामने नहीं आया है कि आखिर दिल्ली की कुर्सी किसे मिलेगी। सभी को दिल्ली के सीएम का नाम सामने आने का इंतजार है।

## रामलीला मैदान में तैयारियां शुरू



### दिल्ली सीएम की रेस में ये नाम

**प्रवेश वर्मा :** दिल्ली के सीएम रेस में जो नाम हैं, उनमें प्रवेश वर्मा सबसे आगे हैं। जिन्होंने नई दिल्ली सीट पर अअढ प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराया।

**आशीष सूद :** दिल्ली भाजपा के महासचिव और जनकपुरी विधायक आशीष सूद के नाम की भी चर्चा है, जो केंद्रीय नेताओं के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए जाने जाते हैं।

**रेखा गुप्ता :** महिला चेहरा के रूप में शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता को भी मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है।

**विजेंदर गुप्ता :** रोहिणी विधायक विजेंदर गुप्ता के नाम की भी चर्चा चल रही है, जो दिल्ली बीजेपी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रह चुके हैं।

**सतीश उपाध्याय :** मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय भी इस रेस में शामिल हैं, जो पार्टी के एक प्रमुख ब्राह्मण चेहरा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं।

**जितेंद्र महाजन :** वैश्य समुदाय से आने वाले ओर आरएसएस के एक मजबूत प्रतिनिधि जितेंद्र महाजन भी मुख्यमंत्री पद के शीर्ष दावेदारों में शामिल हैं।

**शिखा रॉय :** शिखा रॉय, जिन्होंने ग्रेटर कैलाश में अअढ के सौरभ भारद्वाज को हराकर जीत हासिल की, कथित तौर पर एक और प्रमुख महिला चेहरा हैं जिन पर विचार चल रहा है।

**सरकार गठन के लिए आज होगी मीटिंग :** बता दें कि दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह और सरकार के गठन को लेकर आज शाम मीटिंग होनी है। इस मीटिंग में विधायक दल की बैठक को लेकर समय और तारीख तय की जाएगी।

## तीन साल में साफ होगी यमुना!

### नए सीएम से पहले सफाई अभियान शुरू

यमुना को साफ और स्वच्छ बनाने की दिशा में काम तेज करते हुए रविवार से सफाई अभियान शुरू किया गया। इसके तहत यमुना में कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार हटाने वाले यंत्र और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट को उतारा गया। यह मशीनें नियमित यमुना की सफाई करेंगी। इसे लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मुख्य सचिव और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ बैठक की थी। बैठक में दोनों को यमुना की सफाई को लेकर तुरंत काम शुरू करने का आदेश दिया। यमुना साफ करने के लिए चार सूत्री काम किया जाएगा। इसके तहत सबसे पहले यमुना के बहाव में जमा कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। साथ ही नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। यमुना में गिरने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए बनाए गए एसटीपी की क्षमता और उत्पादन की दैनिक निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में करीब 400 एमजीडी सीवर के उपचार की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी-डीएसटीपी सहित अन्य के निर्माण को लेकर एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी। साथ ही इन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाएगा। बता दें कि यमुना की सफाई का काम जनवरी 2023 में मिशन मोड में शुरू हुआ था, जब एनजीटी ने एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया था। बाद में कोर्ट के आदेश पर एनजीटी के आदेश पर रोक लगवा दी। उसके बाद यमुना की सफाई का काम प्रभावित हुआ। चुनावी घोषणा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना को तीन साल में साफ करने का लक्ष्य रखा है।



# दिल्ली-एनसीआर में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 4.3 थी तीव्रता

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये।




एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है।

इस बीच प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से ह्लशांतह्व रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने ह्यएक्सह्ण पर लिखा, ह्लदिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद, भगदड़ के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी है। भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है।

दो दिन पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद अब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात कर दी गई है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को भी रेलवे की सुरक्षा में लगाया है।



**सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस के हवाले स्टेशन परिसर की सुरक्षा :** जानकारी के लिए बता दें कि स्टेशन पर हादसे के बाद पूरे परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनी तैनात है। मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीईएसएफ की एक कंपनी को भी तैनात किया गया। दिल्ली पुलिस की ट्रांसपोर्ट रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने खुद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है।। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा बीते रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। सीपी ने करीब पौने घंटे मौके का मुआयना किया था।

**नई दिल्ली स्टेशन पर अर्द्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात :** संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात की गई है। 80 जवानों की मेट्रो पुलिस की एक कंपनी तैनात की गई है। इसके अलावा तीन इंस्पेक्टर व एक एसीपी मेट्रो से तैनात किए गए हैं।

रेलवे पुलिस व जीआरपी के अलग से जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही रेलवे पुलिस के आठ से 10 थानाध्यक्षों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के आसपास के थानाध्यक्षों को भी तैनात किया गया है।

**हर प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज पर एक-एक कंपनी तैनात :** संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि हर प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज व बाहर एक-एक कंपनी तैनात की गई है।

# आस्था का जनसागर : थम नहीं रहा श्रद्धालुओं का रेला

## सिर पर गठरी, हाथ में गैलन लेकर महाकुंभ संगम की ओर बढ़ रहे भक्त



**प्रयागराज।** महाकुंभ में सोमवार फाल्गुन कृष्ण पंचमी तिथि को बिना किसी विशेष तिथि-मुहूर्त के ही संगम पर आस्था का जन ज्वार उमड़ पड़ा। भोर में ही संगम जाने वाले रास्ते श्रद्धालुओं से भर गए। प्रयागराज जंक्शन, रामबाग और झूंसी सहित किसी स्टेशन पर पैर रखने की तक की जगह नहीं रही। जितने श्रद्धालु मेला से निकलकर अपने गंतव्य को जा रहे हैं, उससे ज्यादा स्नानार्थी संगम तट पर पहुंच रहे हैं।

महाकुंभ की ओर जाने वाली सड़कों पर सिर्फ गठरी, झोला लिए श्रद्धालुओं की भीड़ ही दिख रही है। सड़कों पर इस कदर आस्था हिलोरें मारती रही कि पैदल संगम से शहर तक मौनी अमावस्या सरीखा दृश्य नजर आ रहा है। संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जन प्रवाह इसी तरह उफनाता रहा। दोपहर दो बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का मेला प्रशासन ने दावा किया है। आंकड़े के मुताबिक अब तक करीब 54 करोड़ श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। सोमवार को भी संगम पर तिल रखने की जगह नहीं बची।

### स्टेशन से लेकर मेला तक भीड़ ही भीड़

रेलवे स्टेशनों से लेकर मेले तक भीड़ ही भीड़ नजर आ रही है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण भारी भीड़ हुई थी। माना जा रहा था कि सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ सकती है, लेकिन सारे अनुमान गलत निकले। रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा और सोमवार को दोपहर होते होते फिर भीड़ संगम क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। जितने श्रद्धालु स्नान करके लौट रहे हैं उससे ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन भी कर रहे हैं।

**संगम जाने वाले सभी रास्तों पर भारी भीड़ :** भीड़ का दबाव बढ़ा तो प्रशासन की ओर से एक बार फिर संगम जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी। सुबह 10 बजे भीड़ बढ़ने पर केंद्रीय अस्पताल जाने वाले रास्ते पर भी पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। पखवारे भर से लगा आस्था का तांता आधी रात के बाद और तेज होने से संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार देख पांटून पुलों के साथ ही शहर के बाहर की सीमा पर भी वाहनों को रोका जाने लगा। संगम जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गए। अमृतमयी त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी के लिए एक लय में रात तक भक्ति की लहरें हिचकोले खाती रहीं।

संगम पर भक्ति की लहरों के एक बार फिर उठने के बाद मेला प्रशासन की ओर से घाटों पर भीड़ न लगाने की लगातार अपील की जा रही है। संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर आ रहे थे। कोई दंड-कमंडल लेकर तो कोई सिर पर गठरी और कंधे पर झोला-बोरा लिए संगम की ओर बढ़ रहा है। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाते लाखों श्रद्धालु देर रात तक संगम पहुंच चुके हैं। उधर, बढ़ती भीड़ के बीच संगम जाने वाले मार्गों पर शहर के लोगों ने भी श्रद्धालुओं की मदद और सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**रिक्शा और ठेलिया वाले कर रहे मनमानी वसूली :** भारी भीड़ को देखते हुए रिक्शा और ठेलिया वाले मनमानी वसूली कर रहे हैं।

अलोपीबाग से संगम तक पहुंचाने के लिए एक श्रद्धालु से तीन सौ रुपया वसूल रहे हैं।

# सीएम योगी ने यूपी विधानसभा के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन

## विधानसभा परिसर में भित्तिचित्रों का किया अनावरण





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है।

नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। हाईटेक और कलात्मक रूप से सुदृढ़ हो रही विधानसभा।

विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा को तकनीकी रूप से उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा 'मोना' उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सर्वदलीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेता शामिल हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। नेता सदन ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। बैठक विधान भवन समिति (कक्ष संख्या -8) में आयोजित हुई। विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ होगा। इससे पहले हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें। स्वस्थ चर्चा करके प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारू संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

# हिमाचल में बदल रहा मौसम, पर्याप्त बारिश-बर्फबारी न होने से जल्दी खिल रहे बुरांश के फूल



**चौपाल।** चौपाल के कई क्षेत्रों में इस बार फरवरी के पहले सप्ताह में ही बुरांश खिलने शुरू हो गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, समय से एक महीने पहले ही बुरांश के फूल खिल जाना मौसम में आ रहे बदलाव का असर है। मार्च-अप्रैल माह में बुरांश के फूलों के लिए उपयुक्त मौसम होता है। इस बार पर्याप्त बारिश-बर्फबारी न होने के कारण यह बदलाव दिखाई दे रहा है। इससे हिमालयी क्षेत्रों में तापमान बढ़ रहा है। पौधों के लिए उचित तापमान बेहद आवश्यक है।

पौधों को समय से पहले पर्याप्त तापमान मिल जाता है, तो फ्लावरिंग होनी शुरू हो जाती है, लेकिन यह चिंता का विषय है। क्योंकि बेमौसम बुरांश खिलने का असर इसके तत्वों पर पड़ सकता है। बुरांश के फूल तो खिल रहे हैं, लेकिन इन फूलों के अंदर बनने वाले रसायन ठीक तरह से बन पाते हैं या नहीं। ऐसे में इसके औषधीय गुणों पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। जिला शिमला की वादियां इन दिनों पहाड़ों पर खिले बुरांश की ललिमा से सराबोर हैं। कई स्थानों पर सड़कों के किनारे खिले यह फूल राह गुजरते लोगों का मन बरबस ही मोह लेते हैं। बुरांश का फूल सुंदर होता है।

**पर्याप्त तापमान मिल जाता है, तो फ्लावरिंग होनी शुरू हो जाती है : डॉ. सुरेंद्र जस्टा :** बागवानी विभाग चौपाल के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र जस्टा ने कहा कि बीते 6 माह से न तो ठीक से बारिश हुई है और न ही बर्फबारी देखने को मिल रही है, जिससे तापमान बढ़ रहा है और पौधों के लिए एक उचित तापमान बेहद आवश्यक है। अगर उन्हें समय से पहले ही पर्याप्त तापमान मिल जाता है, तो फ्लावरिंग होनी शुरू हो जाती है। हालांकि बुरांश जंगली फूल है और बेमौसम खिलने का असर इसके तत्वों पर भी पड़ सकता है। ऐसे में बुरांश के फूल तो खिल रहे हैं, लेकिन इन फूलों के अंदर बनने वाले रसायन ठीक तरह से बन नहीं पाते हैं।

**चटनी, जूस और शरबत में इस्तेमाल, औषधीय महत्व भी :** इसके आलावा बुरांश के फूलों की चटनी, जूस और शरबत भी बनाया जाता है। कुछ लोग इसके फूलों को सूखा कर रख लेते हैं और पूरा साल चटनी में इस्तेमाल करते हैं। बुरांश के फूलों का औषधीय महत्व भी है। बुरांश के फूल और पत्तियां मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, सिरदर्द, सांसों से जुड़े रोग, दाद-खाज-खुजली आदि बीमारियों में औषधि के रूप में कारगर माने गए हैं।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक–201/प्र0नि0सू0/2024–25 दिनांक– 17.02.2025

**ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति उपरान्त गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत पॉचो जोनो व इन्दिरपुरम क्षेत्र की पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू हेतु एवं विभिन्न प्रकार के कार्यों की इकाई दरें प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश की ई०–निविदा की बेवसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से दिनांक 19.02.2025 से दिनांक 25.02.2025 को सायं 3:00 बजे तक आमंत्रित है। उक्त कार्य की तकनीकी निविदायें तद्‌दिनांक दिनांक 25.02.2025 को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा शुल्क व जमानतम धनराशि ऑनलाईन जमा कराकर उसकी रसीद की छायाप्रति निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य है, साथ ही शासनादेश के पत्र संख्या–11593/नौ–5–2021–142 सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांक 07.01.2022 के क्रम में 10 प्रतिशत से अधिक कम दरें प्राप्त होने पर निविदादाता को कार्य के प्रति परफॉरमेन्स गांरटी आर०टी०जी०एस० के माध्यम से नगर निगम कोष में जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी निविदादाता द्वारा परफॉरमेन्स गांरटी कार्य की दरों के सापेक्ष जमा नहीं की जायेगी तो उसको नगर निगम की भविष्य में निविदाओं से प्रतिभाग करने के लिए प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा एवं प्राप्त न्यूनतम निविदादाता की दरों पर विचार नहीं किया जायेगा, साथ ही पूर्व के शासनादेशों एवं समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता को करना अनिवार्य होगा। उक्त कार्यों हेतु नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

प्रकाश प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक


# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 18 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का कोट




## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा पहुंचे समरकूल उद्योग प्रतिष्ठान

### चेयरमैन संजीव गुप्ता और राजीव गुप्ता ने किया मुकुंद मिश्रा का अभिनंदन सम्मान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का संजीव कुमार गुप्ता और राजीव गुप्ता ने अपने समरकूल प्रतिष्ठान पर स्वागत अभिनंदन किया।

सोमवार को उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल की महानगर इकाई और मेरठ मण्डल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का भी आगमन हुआ था। इस शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने समरकूल पहुचकर उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल (उद्योग मंच) के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता से मुलाकात की तथा कुशलक्षेम पूछते हुए। व्यापार मण्डल की महानगर इकाई की क्रियाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, रोहित गोयल आदि उपस्थित रहें।

## पूर्व डिप्टी मेयर और पार्षद पर दर्ज हुए मुकदमे के विरोध में प्रदर्शन

### पुलिस ने मांगा मामले को सुलझाने के लिए तीन दिन का समय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाने में भाजपा नेताओं और व्यापारियों ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और अन्य नेताओं ने थाने में ही अपने सिर के बाल मुंडवाकर विरोध जताया। मामला एक महिला द्वारा व्यापारियों से रंगदारी वसूलने और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का है। पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी के अनुसार, एक महिला क्षेत्र के व्यापारियों से जबरन वसूली करती है। पंजाब रेस्टोरेंट से पहले मुफ्त खाना मांगा, फिर मासिक रंगदारी की मांग की। जब रेस्टोरेंट मालिक ने भाटी और पार्षद पति कालीचरण पहलवान को इसकी जानकारी दी और वे विरोध करने पहुंचे, तो महिला ने उन सभी के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। कालीचरण पहलवान का कहना है कि महिला ने उन पर गाड़ी रोककर हमला करने का झूठा आरोप लगाया है, जबकि वह पहले से ही रेस्टोरेंट में मौजूद थी। इस कार्रवाई के विरोध में स्थानीय व्यापारी और भाजपा नेता थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले को सुलझाने के लिए तीन दिन का समय मांगा है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि नेताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया जाएगा और रंगदारी मांगने वाली महिला के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाटी ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे फिर से प्रदर्शन करेंगे।

## सड़क पर ना लगे साप्ताहिक बाजार नगर निगम खींच रहा है पीली रेखा

### इधर शुरू हुआ पट्टी खींचने का काम, उधर व्यापारियों ने उठा दी दुकान के आगे अतिक्रमण की आवाज






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद जिले में बीते लंबे समय से साप्ताहिक बाजार बंद करने, उनके स्थान परिवर्तित करने और इन व्यापारियों के समर्थन में लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर और भाजपा के पार्षद द्वारा समर्थन में आने का मामला शांत नहीं हो रहा है। बीते दिनों नगर निगम के अधिकारियों ने शहर में सड़क पर बाजार नहीं लगें, इसके लिए प्रमुख स्थानों पर पीली पट्टी खींचने का प्लान बनाया था।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि बाजार पीली पट्टी के पीछे लगेगा। इस कड़ी में नगर निगम ने शास्त्री नगर, चिरंजीव विहार और विजयनगर इलाके में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों वाली सड़क पर पीली पट्टी खींचवाई है। जिसका अब उनके ही व्यापारियों द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि अगर उनकी पक्की दुकानों के आगे यह बाजार लगेगा, तो उनको इसका सीधा नुकसान होगा और वह अपना व्यवसाय नहीं कर पाएंगे। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा भी बड़ी समस्या और आवाज बन सकता है।

### व्यापारियों ने वायरल की वीडियो, कहा कैसे चलेगा हमारा काम



करंट क्राइम : सोमवार की सुबह नगर निगम ने विजयनगर इलाके में सड़क किनारे पीली पट्टी खींचने का अभियान शुरू किया। तो कुछ ही देर बाद वहां की फोटो और वीडियो व्यापारी नेताओं ने वायरल करना शुरू कर दी। इस वीडियो में एक व्यापारी नेता की आवाज सुनाई दे रही है, जो कह रहे हैं कि अगर उनकी दुकानों के आगे पैठ और साप्ताहिक बाजार लगेंगे, तो उनकी दुकानों में ना तो खरीददार प्रवेश कर पाएंगे और दुकानों के आगे अतिक्रमण बढ़ जाएगा, जिससे उनको नुकसान होगा। नगर निगम अभी एक समस्या का हल खोज नहीं पाया है कि दूसरी परेशानी उठनी शुरु हो गई है।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर समाजवादी रहे गायब कार्यालय में हुए कार्यक्रम में नजर आए चंद सपाई



### सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी सिंह ठाकुर की थी पुण्यतिथि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में बंपर प्रदर्शन के बाद कई तरीके के अभियान और आयोजन कर रही है लेकिन सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यालय पर जो श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम था, उसमें समाजवादी पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के जोश, ताकत और तैयारी का रियलिटी टेस्ट नजर आ गया।

समाजवादी पार्टी के कार्यालय से इस कार्यक्रम को आयोजित करने की जो प्रेस विज्ञप्ति और फोटो भेजी गई हैं। जिसमें केवल सात ही समाजवादी पार्टी के नेता नजर आ रहे हैं जबकि विज्ञप्ति में कुल नौ लोगों के नाम लिखे हुए हैं। कार्यक्रम में ना तो समाजवादी पार्टी का कोई पूर्व विधानसभा, लोकसभा या महापौर का चुनाव लड़ने वाला चेहरा नजर आ रहा है, ना संगठन के लिहाज से महानगर और जिलाध्यक्ष मौजूद दिखे।

वहीं अन्य मुद्दों व सोशल मीडिया पर हर विषय पर आवाज उठाने वाले नेता ही दिखाई दिए।

### क्या केवल फॉर्मेलिटी के लिए हुआ पुण्यतिथि कार्यक्रम

करंट क्राइम : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक विचारधारा की लंबी लड़ाई लड़ने वाले कर्पूरी सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि का कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के आरडीसी स्थित कार्यालय पर रखा गया था। जहां पर कुछ ही समाजवादी पार्टी के नेता नजर आए। जिसमें मुख्य रूप से ओमप्रकाश खंडेलवाल, वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद्र यादव एडवोकेट, अनिल चौधरी जिला अध्यक्ष व्यापार सभा, मोहम्मद चांद हुसैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव, जोनी गुप्ता, नवीन कुमार शर्मा, ब्रह्म पाल सिंह व सपा कार्यालय प्रभारी राहुल रावत का नाम विज्ञप्ति में दिया गया है जबकि अन्य कोई सपाई इस कार्यक्रम में उपस्थित हुआ या नहीं इसकी कोई तस्वीर और प्रेस नोट गवाही नहीं दे रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि समय-समय पर पार्टी कार्यालय पर तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें समाजवादियों की संख्या बेहद सीमित ही नजर आती है।

### 2027 में यूपी कैसे होगी फतेह, जब कार्यक्रमों से आउट हैं सपाई

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश में विधानसभा का चुनाव 2027 में होना है और 27 के लिए समाजवादी पार्टी अभी से जिला और बूथ स्तर पर सफल होने के लिए पीडीए के तहत कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन सभी कार्यक्रमों में संगठन से लेकर सपा के प्रमुख पदाधिकारी नजर आ रहे हैं लेकिन पार्टी के कार्यालय से जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के नेताओं और पुराने पदाधिकारी की दूरी चल रही है, वह राजनीति के लिहाज से ठीक नहीं है। अगर 2027 में समाजवादी पार्टी प्रदेश चुनाव में फतह हासिल करना चाहती है, तो सभी आयोजनों और कार्यक्रमों में संख्या बल भी नजर आना चाहिए।

## अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने भूकंप से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को प्रातः 5 बजकर 36 मिनट पर दिल्ली एन०सी०आर० में 4.3 मैग्नीट्यूट के भूकम्प को ध्यान में रखते हुए भूकम्प से बचाव हेतु सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) ने क्षेत्रवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की। जिसमें बताया गया कि भूकंप से पूर्व, भूकंप के दौरान और भूकंप के पश्चात क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

**भूकम्प से पूर्व क्या करें :** मकान की दीवार या छत में कोई दरार हो तों तुरन्त ठीक करा लें। भारी वस्तुओं को आलमारी या रैक के निचले खानों में रखें। घर में टंगी हुई वस्तुएं जैसे- फोटो फ्रेम, शीशा, दीवार घड़ी, झूमर आदि को सोने व बैठने के स्थानों से दूर रखें। घर के आस-पास खुले स्थानों की पहचान कर सबकों जानकारी दें। इमर्जेंसी किट हमेंशा तैयार रखें।

**भूकम्प से दौरान क्या करें :** धैर्य रखें, जहां हैं वही सुरक्षित स्थान ढूंढें। पुराने व जर्जर मकान या संरचना में है तो तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चलें जायें। बिजली के मेन स्विच एवं गैस के रेगुलेटर तुरंत बंद कर दें। यदि आसपास सुरक्षित स्थान नही है तो तुरंत खुले मैदान में चले जायें। दिव्यांग, वृद्ध, बच्चों व गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। बहुमंजिली इमारतों से बाहर निकलने के लिए लिफ्ट का प्रयोग न करें।

**भूकम्प से पश्चात क्या करें :** क्षतिग्रस्त घर में प्रवेश न करें। एलपीजी गैस लीक की जांच करें। प्रकाश के लिए टार्च या इमरजेंसी लाईट का ही प्रयोग करें।

## साइबर ठगों, लुटेरों और चोरों ने गाजियाबाद पुलिस को खूब छकाया

### देहात में हुआ एनकाउंटर, तो लिंक रोड की बड़ी चोरी का भी हुआ खुलासा

करंट क्राइम साप्ताहिक रिपोर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद थानों व पुलिस बल में इजाफा हुआ है। तो वहीं सनसनीखेज अपराध में कमी भी आ रही है। पर मौसम बदलते ही अपराध का स्टाइल बदलता है और इन दिनों पुलिस के लिए साइबर अपराधी बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बीते सप्ताह जहां लिंक रोड थानाक्षेत्र में लाखों रुपए की चोरी की सनसनीखेज वारदात हुई, तो पुलिस ने इसे कुछ ही दिनों में खोलकर अपने ऊपर बढ़ रहे प्रेशर को कम करने का काम किया है। वही सिटी धानाक्षेत्र के सिहानी गेट इलाके में हुई पेट्रोल पंप मैनेजर और कैशियर के साथ 10 लाख 70 हजार रुपए की लूट में भी पुलिस अभी सीसीटीवी फुटेज, जेल में बंद बदमाश और अन्य जनपदों में इस तरीके की वारदात करने वाले अपराधियों का डाटा खंगाल रही है। इसके साथ ही मुरादनगर थानाक्षेत्र में व्यापारी को गोली मारकर सरेराह लूट की वारदात करने वाले बदमाशों का भी पुलिस ने 12 घंटे के भीतर इलाज करते हुए एनकाउंटर किया है। वहीं भोजपुर में युवती को बंधक बनाकर किया गए दुष्कर्म के मामले ने पुलिस की टेंशन बढ़ी हुई है। तो मुरादनगर थानाक्षेत्र में फिर एक बार श्मशान घाट की शटरिंग गिरने से आठ लोग घायल हो हुए हैं। इस हादसे ने फिर एक बार कई साल पुराने हादसे में 27 लोगों की मौत के भयानक मंजर की यादों को भी ताजा कर दिया है। कुल मिलाकर बीता सप्ताह पुलिस के लिए जहां चुनौती वाला रहा, तो कई मामलों का पुलिस के अधिकारियों ने खुलासा करते हुए राहत वाली सांस भी लेने का काम किया गया है।

### लिंक रोड में हुई लाखों की चोरी का खुलासा हुआ शानदार



करंट क्राइम : लिंक रोड थानाक्षेत्र के सूर्य नगर में रहने वाले दवा कारोबारी के घर पर सुबह-सुबह चोरों ने धावा बोलते हुए लगभग 70 लाख रुपए के सोने-चांदी और हीरे के आभूषण व सात लाख रुपये कैश पर हाथ साफ किया था। इस मामले का पुलिस ने कुछ दिनों के भीतर ही खुलासा करते हुए एक आरोपी और लगभग शतप्रतिशत माल बरामदगी की है। हालांकि पुलिस ने अभी केवल चार लाख 70 हजार रुपए नगद बरामद किया है, जबकि इस मामले में एक आरोपी अभी फरार है। उधर पुलिस का कहना है कि दोनों सगे भाई चोरी की वारदात को रेकी कर अनजाम दिया करते थे और इनका पुराना रिकॉर्ड भी पुलिस ने अपने पास जुटा लिया है।

### सिहानी गेट की लूट में पुलिस खंगाल रही है पुराने बदमाशों का रिकॉर्ड





करंट क्राइम : सिटी क्षेत्र में लंबे समय बाद कोई बड़ी लूट की वारदात हुई थी। इसमें पेट्रोल पंप के मैनेजर उसके कर्मचारियों से स्कूटी और बाइक सवार बदमाशों ने पिस्टल और तमंचे की नोक पर दिनदहाड़े 10 लाख 70 हजार रुपए की लूट की थी। इस लूटकांड में कई दिन बीत चुके हैं। पुलिस जेल में बंद बदमाशों से लेकर बुलंदशहर के एक संभावित गैंग पर काम में लगी हुई है। तो वहीं कई ऐसे गिरोह जो इसी अंदाज में लूटपाट करते हैं, उनका भी डाटा जांचा जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से बदमाश कुछ ही जगह के सीसीटीवी पर नजर आए हैं, इससे प्रतीत हो रहा है कि वह बेहद शातिर और शार्प हैं। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन की अधिकारियों का दावा है कि इस मामले में जल्द ही पुलिस खुलासा करेगी, अभी बदमाशों तक पहुंचाने का प्रयास जारी है।

### ठगों और टप्पेबाजों ने पुलिस को किया परेशान

करंट क्राइम : पुलिस साइबर अपराधियों पर रोकथाम लगाने के लिए कमिश्नरेट में साइबर थाना खोल चुकी है। तो वहीं जनपद के प्रत्येक थाने में साइबर सेल की भी स्थापना की गई है। जहां एक प्रभारी निरीक्षक और उसके अधीनस्थ कई पुलिसकर्मी काम कर रहे हैं। बावजूद इसके लगातार साइबर अपराधी लोगों को ठगने और चूना लगाने का काम कर रहे हैं। बीते दिनों साइबर अपराधियों ने तीन महिला समेत 6 लोगों से लगभग 96.58 लाख रुपए का चूना लगाने का काम किया। तो वहीं पुलिसकर्मी बनकर विदेशी नागरिक से एक हजार डॉलर्स की टप्पेबाजी की घटना को भी अंजाम दिया गया है।

### बढ़ गई चोरी और झपटमारी की वारदातें

करंट क्राइम : इसी सप्ताह शालीमार गार्डन में घुड़चढ़ी के दौरान बदमाशों ने दूल्हे के पिता से 2 लाख रुपये की नगदी भरा बैग लूट लिया। तो वहीं खोड़ा में दंपति से गहने और नकदी लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इसके साथ ही कवि नगर थानाक्षेत्र के राजनगर में लाखों रुपए के गहने और नगदी चोरी की घटना सामने आई है। वहीं साहिबाबाद थाने के सामने दुकानों में घुसकर चोरी करने का मामला भी सामने आया।

### गाजियाबाद में हुई प्रमुख वारदातें और घटनाक्रम

- 9 फरवरी साहिबाबाद थाने के सामने दुकानों में चोरी और एक आरोपी दबोचा गया।
- तो वहीं पुलिसकर्मी बनकर विदेशी नागरिक से 1000 डॉलर की टप्पेबाजी हुई।
- 11 फरवरी साइबर अपराधियों ने तीन महिलाओं समेत छह लोगों से लाखों रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया।
- 12 फरवरी को राजनगर में लाखों के गहने और नगदी चोरी।
- 13 फरवरी पेट्रोल पंप के मैनेजर व कर्मचारियों से 10 लाख 70 हजार रुपए की लूट सिहानी गेट थानाक्षेत्र।
- 14 फरवरी लाखों रुपए का कैश समझकर बैग लूटने का प्रयास मुरादनगर थानाक्षेत्र गोली भी मारी।
- 15 फरवरी दंपति से गहने और नकदी लूटी खोड़ा थानाक्षेत्र।
- 16 फरवरी मुरादनगर थानाक्षेत्र में शटरिंग टूटने से आठ लोग घायल, अफरा- तफरी मची
- 16 फरवरी शालीमार गार्डन घुड़चढ़ी के दौरान बदमाशों ने दूल्हे के पिता से की लूट।
- युवती को बंधक बनाकर किया गया सामूहिक दुष्कर्म भोजपुर थानाक्षेत्र।

## संपादकीय

# देर आए, दुरुस्त आए

कांग्रेस संगठन में फेरबदल को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी। हालांकि, अब इस कवायद को आगे बढ़ाया जा रहा। इसी के तहत महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता फाइनल हुआ। वहीं 13 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई। लंबे इंतजार के बाद आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में फेरबदल की कवायद को गति दी है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के नामों का ऐलान हुआ, फिर दो महासचिवों सहित 13 राज्यों व चार केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। इस पहल ने बेशक पार्टी में उम्मीद पैदा की है, हालांकि इससे कई सवाल भी जुड़े हुए हैं। तैयार हुई भूमिका में हुए पार्टी के उदयपुर अधिवेशन के बाद संगठन में बड़े बदलाव लाने वाले फैसलों का इंतजार हो रहा था, लेकिन एक के बाद एक कई कारणों से यह कार्य टलता जा रहा था। आखिरकार तय किया गया कि साल 2025 में उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर अमल किया जाएगा। मल्लिकार्जुन खरगे के बतौर अध्यक्ष कार्यभार संभालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाएगा।

बदली प्राथमिकताओं का प्रभाव पिछले कुछ चुनावों में भले ही कांग्रेस को अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली, लेकिन राहुल गांधी की अगुआई में तय किए गए अजेंडे में एकरूपता रही है। खासकर, जाति जनगणना और दलितों-पिछड़ों व अनुसूचित जनजातियों की विभिन्न क्षेत्रों में कम नुमाइंदगी से जुड़े सवालों पर पार्टी का जोर लगातार बना रहा। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि खुद कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्यों पीछे खड़ी दिख रही है। इस लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि नए बदलावों के बाद अब पार्टी की सीनियर लीडरशिप का 70-75% हिस्सा डइउ, रळ-रळ और माइनॉरिटी तबकों से आता है। परफॉरमेंस पर नजर लेकिन राजनीति में नुमाइंदगी के सवाल के साथ भी व्यावहारिकता की शर्त जुड़ी होती है। जाहिर है, ताजा नियुक्तियों को भी व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर हर्षवर्धन सपकाल के रूप में अपेक्षाकृत नया नाम देखकर शुरू हुए विवाद से भी स्पष्ट होता है। वहां कई बड़े नेता इस चयन पर आश्चर्य जता रहे हैं। हालांकि इसी वजह से नए अध्यक्ष के परफॉरमेंस को लेकर कोई राय बना लेना ठीक नहीं होगा। उनके पास वक्त है और देखना होगा कि वह इसका कैसा इस्तेमाल करते हैं। सशक्त विपक्ष की दरकार : विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस पर यह दायित्व है कि वह अपनी कमजोरियों को दूर कर लोगों के सामने ऐसा विकल्प पेश करे, जिससे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और मजबूत हो।

# आयकर राहत का मतलब पूंजीगत व्यय से सरकार का ध्यान हटना नहीं : वित्त मंत्री




**नई दिल्ली।** बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में धीमी वृद्धि को देखते हुए खपत को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

### पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर देने की बात सही नहीं

मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय प्रावधानों में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है। इस बार, बजट 2025 में पूंजीगत व्यय पर खर्च का प्रस्ताव 10.2 प्रतिशत अधिक और लगभग 16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पीएसयू पूंजीगत व्यय भी शामिल है। सरकार ने खुद 2025-26 के लिए 11.21 लाख रुपये का पूंजीगत व्यय बजट में रखा है।

इक्विटी बाजार में एफआईआई की बिकवाली पर वित्त मंत्री ने दी यह प्रतिक्रिया आयकर पर सरकार के हालिया फैसले से मध्यम आय वर्ग के एक करोड़ भारतीय करदाता कर के दायरे से बाहर आ जाएंगे। इन कर राहत प्रस्तावों के परिणामस्वरूप, सरकार प्रत्यक्ष करों के मद में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये और अप्रत्यक्ष करों के मद में 2600 करोड़ रुपये का राजस्व गंवा देगी। सरकार को उम्मीद है कि कम आयकर होने से करदाता पैसे बचाकर इसे उपभोग, बचत या निवेश के रूप में अर्थव्यवस्था में वापस लगाएंगे।

### चालू वित्तीय वर्ष में प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान

2024-25 के संशोधित अनुमानों में 13.18 लाख करोड़ के मुकाबले प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान है। प्रभावी पूंजीगत व्यय में मुख्य पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान शामिल हैं। हालांकि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान को बजट में राजस्व व्यय के रूप में शामिल किया जाता है, लेकिन वे राज्यों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर खर्च होते हैं हैं। वित्त मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि लोगों का यह सोचना कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है, यह सही नहीं है।

### पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से हमारी सरकार की प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय बजट बढ़ाया है और साथ ही कर में कटौती के माध्यम से कुछ रियायतें दी हैं, खासकर व्यक्तिगत आयकर, उन लोगों के लिए जो खर्च करना या बचत करना या निवेश करना चाहते हैं। वित्त ने करदाताओं के बारे में सोचने और उन्हें बड़ी कर राहत देने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात पर तुरंत सहमत हो गए कि बजट में 12 लाख रुपये तक की कर राहत का प्रस्ताव होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज शायद (यह) ऐसा लग रहा है कि हमने पूंजीगत संपत्ति निर्माण के बजाय उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया है, पर पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से ही हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सीतारमण ने जोर देकर कहा कि केंद्रीय बजट में आयकर में दी गई छूट और आरबीआई रेपो दर में कटौती से अर्थव्यवस्था में सुधार को बढ़ावा मिलेगा।

# 2025 के सीजन में चीनी उत्पादन कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत के चीनी उद्योग में चालू चीनी सीजन वर्ष 2025 (एसएसवाई25) के लिए उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है, जिसमें कुल उत्पादन 27 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से नीचे गिरने की उम्मीद है। यह पिछले साल के 31.8 एमएमटी के मुकाबले तेज गिरावट है। सेंट्रम ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। 15 फरवरी, 2025 तक देश में चीनी उत्पादन 19.77 एमएमटी है, यह आंकड़ा पिछले सीजन की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। उत्पादन में गिरावट मुख्य रूप से इथेनॉल उत्पादन के लिए अधिक चीनी के इस्तेमाल और गन्ने की उपलब्धता में कमी के कारण है।

### चीनी के उत्पादन में सबसे ज्यादा कमी महाराष्ट्र में

चीनी उत्पादन के राज्यवार आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां चीनी उत्पादन में सालाना 14 फीसदी की गिरावट आई है। कर्नाटक में 13 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि उत्तर प्रदेश में 8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय रूप से, पिछले पखवाड़े में कर्नाटक की गन्ना उपलब्धता में साल-दर-साल आधार पर 22 फीसदी की गिरावट आई। महाराष्ट्र में गन्ने की उपलब्धता में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत कम हुई वहीं यूपी में चालू सीजन के



लिए गन्ने की उपलब्धता 1.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपेक्षाकृत स्थिर रही।

### मिलों में गन्ने की आपूर्ति घटने के कारण समय से पहले पेराई बंद

रिपोर्ट के अनुसार घटती गन्ना आपूर्ति ने कई मिलों को उम्मीद से पहले पेराई कार्य बंद करने के लिए मजबूर किया है। 31 जनवरी तक 23 मिलों ने पेराई का काम बंद किया था, जबकि 15 फरवरी तक 51 मिलों ने परिचालन बंद कर दिया। रर 25 के लिए कुल गन्ना पेराई पिछले सीजन के 228 टटळ से 4.5 प्रतिशत कम होकर 218 टटळ रह गई।

# लगातार आठ दिन टूटने के बाद बाजार में बढत

## सेंसेक्स 58 अंक चढ़ा, निफ्टी 22950 पार




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार आठ दिन से जारी गिरावट का सिलसिला सोमवार को थम गया और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी के कारण यह तेजी आई। कारोबार के आखिरी सत्र में खरीदारी से 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 57.65 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 75,996.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 644.45 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 75,294.76 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 30.25 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़कर 22,959.50 पर पहुंच गया। 30 शेयरों वाले ब्लू-चिप शेयरों में बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, जोमैटो और टाटा मोटर्स प्रमुख लाभार्थी रहे। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयर रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शुक्रवार को 4,294.69 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 में अब तक एफपीआई की ओर से कुल 99,299 करोड़ रुपये यानी करीब 1 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई है। अमेरिका की ओर से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के एलान के बाद बढ़े वैश्विक तनाव के कारण इस महीने के पहले दो हफ्तों में एफपीआई ने 21,272 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। इससे पहले जनवरी में एफपीआई की ओर से 78,027 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की गई थी। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और शंघाई सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे गिरकर 86.87 पर बंद हुआ

विदेशी पूंजी की भारी निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कारोबार के दौरान निचले स्तर से सुधार के कारण सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 86.87 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारतीय रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है, क्योंकि विदेशी बैंक डॉलर की खरीद पर उतारू हैं और आयातक डॉलर को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें वैश्विक अनिश्चितता के बीच आगे मूल्यह्रास की आशंका है। इस बीच, आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.654 अरब डॉलर बढ़कर 638.261 अरब डॉलर हो गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब कोष में उछाल आया है। 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में कोष 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

# भारत का कुल व्यापार घाटा बढ़कर डॉलर बढ़कर 2.67 अरब डॉलर हुआ

## आयात-निर्यात के आंकड़े जारी



**नई दिल्ली।** भारत का कुल व्यापार घाटा (माल और सेवाएं) जनवरी 2024 में 0.39 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले जनवरी 2025 में बढ़कर 2.67 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े साझा किए। भारत का कुल व्यापार घाटा (माल और सेवाएं) जनवरी 2024 में 0.39 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले जनवरी 2025 में बढ़कर 2.67 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े साझा किए। जनवरी 2025 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं) बढ़कर 74.97 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि जनवरी 2024 में यह आंकड़ा 68.33 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

भारत का कुल आयात (माल और सेवाएं) जनवरी 2025 में बढ़कर 77.64 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि जनवरी 2024 में यह 68.72 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मोनू- टीटू जल्दी उठ, भूकंप आ रहा है,
पूरा घर हिल रहा है।
टीटू - ओए, चुपचाप जाके सो जा,
घर गिरेगा तो हमारा क्या जाएगा,
हम तो किरायेदार हैं।

पहला कैदी- तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?
दूसरा कैदी- बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।
पहला कैदी- वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?
दूसरा कैदी- वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

पिता- तू फेल कैसे हो गया?
बेटा- पेपर में सवाल ही ऐसे-ऐसे आए थे, जो मुझे पता नहीं थे।
पिता- फिर तूने उत्तर कैसे लिखे ?
बेटा- मैंने भी उत्तर ऐसे-ऐसे लिखे, जो मास्टर को भी पता नहीं थे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कैनसस बास्केटबॉल के इतिहास में हार का कैरियर रिकॉर्ड के साथ ही एकमात्र कोच बास्केटबॉल के आविष्कार जेम्स नास्मिथ थे।
- हार्वे आर। बॉल, स्माइली चेहरे का आविष्कार करने वाला सबसे मजबूत दावेदार, डिजाइन के लिए उनको सिर्फ $ 45 का भुगतान किया गया था।
- जब एंडर्स सेल्सियस ने तापमान के पैमाने का आविष्कार किया तो उन्होंने ठंड के लिए 100 डिग्री और उबलने के लिए बिंदु के रूप में 0 डिग्री रखा। एक और वैज्ञानिक, कार्ल लिनिअस, उस पैमाने को बदलने के लिए तब तक इंतजार करता रहा जब तक की सेल्सियस की मृत्यु नहीं हुई।
- जिस व्यक्ति ने पॉप-अप विज्ञापन का आविष्कार किया, उसने इंटरनेट के सबसे घृणास्पद विज्ञापन बनाने कर लिए दुनिया से माफी मांगी है।
- रुडॉल्फ डीजल, जिन्होंने डीजल इंजन का आविष्कार किया, ने साल 1 9 13 में आत्महत्या कर ली क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि उनका आविष्कार सफल होगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल स्थगित

## पर्याप्त बर्फबारी नहीं होना बना कारण



**गुलमर्ग।** पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का शनिवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा सत्र क्षेत्र में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया। इसकी नई तारीखों का ऐलान मौसम में सुधार होने पर किया जाएगा।

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का जम्मू कश्मीर चरण स्थगित कर दिया गया है।'

गुलमर्ग में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग, स्की पर्वतारोहण और स्नोबोर्डिंग स्पधार्यें होनी थी। पहला चरण लेह में 23 से 27 जनवरी के बीच खेला गया जिसमें आइस हॉकी और आइस स्केटिंग स्पधार्यें हुई थी।

# प्रो हॉकी लीग में भारत की शानदार वापसी

## स्पेन को दूसरे मैच में 2-0 से हराया

**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न लेग मैच में स्पेन को 2-0 से हराकर शानदार वापसी की। भारत को शनिवार को अपने पहले चरण के मैच में सुखजीत सिंह के गोल से बढ़त लेने के बावजूद स्पेन से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, रविवार को भारतीय टीम पूरी तरह से अलग दिखी, क्योंकि उन्होंने मैच के अधिकांश समय तक दबदबा बनाए रखा और मनदीप सिंह (32वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (39वें मिनट) के जरिए दो फील्ड गोल करके सभी तीन अंक हासिल किए। भारतीय पुरुष टीम अब मंगलवार को जर्मनी से खेलेगी। भारत ने गेंद पर बेहतर कब्जा किया और पहले दो क्वार्टर में उसने अधिक मौके बनाए, लेकिन उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सका। पांचवें मिनट में मनदीप के पास गोल करने का



सुनहरा मौका था, लेकिन स्पेनिश गोलकीपर राफेल रेविला ने भारतीय स्ट्राइकर को रोकने के लिए एक ठोस बचाव किया।

मेजबानी की पहले क्वार्टर के खत्म होने से कुछ सेकंड पहले भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन जुगराज सिंह उनका फायदा नहीं उठा सके। दूसरी तरफ, भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने 14वें मिनट में स्पेन को गोल करने से रोकने के लिए शानदार बचाव किया। भारत ने पहले दो क्वार्टर में गेंद पर दबदबा बनाए रखा और कड़ी मेहनत की, लेकिन स्पेन की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। दोनों टीमें पहले हाफ में गतिरोध तोड़ने में विफल रहीं। खेल राज्य मंत्री ने ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन किया अंतर बदलने के दो मिनट बाद, भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन स्पेनिश गोलकीपर रेविला ने जुगराज को रोकने के लिए दो बार बचाव किया। लेकिन परिणामी फ्री हिट से, मंदीप ने दिलप्रीत के पास को करीब से डिफ्लेक्ट करके भारत को बढ़त दिला दी। सात मिनट बाद, दिलप्रीत ने मंदीप और गुरजंत सिंह द्वारा सेट किए जाने के बाद शानदार डिफ्लेक्शन के साथ भारत के लिए अपना 32वां गोल किया। 43वें मिनट में स्पेन ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन उनके ड्रैग-फ्लिकर पेपे कुनिल लक्ष्य से चूक गए। भारत को इसके तुरंत बाद एक पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, लेकिन जुगराज ने फिर से गोल नहीं किया। दो गोल से पिछड़ने के बाद स्पेन ने अंतिम क्वार्टर में तेजी से गोल किए और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अनुपस्थिति में भी भारतीय रक्षापंक्ति मजबूत रही, जिन्हें मैच के लिए आराम दिया गया था।

# बुमराह की गैरमौजूदगी से बांग्लादेश की उम्मीदें जगीं - इमरूल कायेस



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरूल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि मोहम्मद शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे। कायेस ने कहा, 'भारतीय टीम काफी मजबूत है और उनके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है, लेकिन बुमराह टीम में नहीं हैं। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है। उनकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को फायदा मिलेगा।' कायेस ने बांग्लादेश के लिए 39 टेस्ट, 78 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी पर भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की जिम्मेदारी होगी जिसमें हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी हैं। कायेस ने कहा, 'शमी की वापसी बड़ी बात है। वह इस समय फिटनेस समस्या से जूझ रहा है, लेकिन लय हासिल करने पर वह बांग्लादेश के लिये बड़ा खतरा होगा।'

# गुजरात जाएंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी मुंबई इंडियंस

## रन आउट के विवाद से बढ़ना होगा आगे





**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस की नजरें महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर होंगी। मुंबई को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसका सामना मंगलवार को गुजरात जाएंट्स से होगा। मुंबई इंडियंस टूनामेंट में कई बल्लेबाजों के रनआउट होने के वाकयों को भुलाकर गुजरात के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी।

### मुंबई के बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

दिल्ली कैपिटल्स से आखिरी गेंद पर मिली हार के बावजूद नेट स्किवेर ब्रंट और कप्तान हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। चोट के बाद वापसी कर रहीं सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को रन बनाने होंगे, जबकि निचले मध्यक्रम में सजीवन साजना और अमनजोत कौर का बल्ला भी खामोश है। कप्तान हरमनप्रीत कौर को मध्यक्रम में सहयोग नहीं मिल सका जिससे मुंबई इंडियंस को पराजय झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा, 20 ओवर पूरे खेलना और एक बल्लेबाज को पारी के अंत तक डटे रहना होगा। मुझे भी आखिर तक खेलना चाहिए था। हमारे बल्लेबाजों को अगले मैच में और जिम्मेदारी लेनी होगी।

### गुजरात को शीर्षक्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

वहीं, गुजरात जाएंट्स को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी। पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिए पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्धशतक जमाया, लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। गुजरात ने पहले मैच में 201 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद हार गई। भारतीय बल्लेबाजों खासकर तीसरे नंबर पर उतरने वाली डी हेमलता पर दबाव बढ़ गया है। गेंदबाजी में भी कप्तान गार्डनर ने मोर्चे से अगुआई की है, जबकि स्पिनर प्रिया मिश्रा से उन्हें अच्छा सहयोग मिला है।

### दोनों टीमें इस प्रकार है:

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक, शबनम इस्माइल।

**गुजरात जाएंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), भारती फुलमाली, लौरा वोल्वाड्र्ट, फोएबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, दयालन हेमलता, डींड्रा डॉटिन, हरलीन देयोल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी (विकेटकीपर), काशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, शबनम शकील।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे दिल्ली और बेंगलुरु

## ऋचा-राघवी के फॉर्म में आने से आरसीबी मजबूत



### बेंगलुरु को दिल्ली की बल्लेबाजों पर रखना होगा अंकुश

दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है और आरसीबी के गेंदबाजों को उन पर लगाम लगाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की बल्लेबाजी इकाई में कप्तान मेग लैनिंग, एनाबेल सदरलैंड, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एलिस कैप्सी और सारा ब्राइस जैसी धुरंधर बल्लेबाज हैं जो किसी भी तरह के आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकती हैं। तेज गेंदबाज शिखा पांडे की अगुवाई वाली दिल्ली की गेंदबाजी इकाई ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 164 रन पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह जारी रखने की कोशिश करेंगे।

**नई दिल्ली।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।

अच्छी शुरूआत से दोनों टीम का मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन आरसीबी की टीम विशेषकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक संतुलित नजर आ रही है और इसलिए वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई की मजबूती का पता इससे चलता है कि उसने 200 से अधिक रन के लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल किया। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम अपना यह प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी।

आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों के कारण मजबूती मिली है जो मंधाना, एलिसे पेरी, रिचा घोष और डैनी व्याट के साथ सहजता से घुल-मिल गई हैं।

राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी में उसे पेरी की कमी महसूस हो रही है। ऑस्ट्रेलिया की यह स्टार ऑलराउंडर चोटिल होने के कारण टूनामेंट के शुरूआती चरण में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगी।

# सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना

## वावरिंका-किर्गियोस समेत टेनिस खिलाड़ियों ने कही यह बात

**पेरिस।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूनामेंट खेल पाएंगे। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, 'मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।' विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, 'टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन।' विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी





दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।' विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने स्काई स्पोर्ट से कहा, 'उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।'

नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, 'प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।'

# रणजी ट्रॉफी- पहले दिन केरल का स्कोर-206/4


**केरल।** रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में केरल ने गुजरात के खिलाफ 206/4 का स्कोर बना लिया हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले दिन स्टंप्स तक कप्तान सचिन बेबी 69 रन पर नाबाद हैं। सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ पहले दिन 5 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। दानिश मलेवर ने 79 रन की पारी खेली। मुंबई से शिवम दुबे और शम्स मुलानी को 2-2 विकेट मिले।

पहला सेमीफाइनलः केरल गुजरात केरल के लिए ओपनिंग करने आए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। अक्षय 30 रन बनाकर रन आउट हुए। टीम का दूसरा विकेट विकेट रोहन के रूप में गिरा। उन्हें 30 रन पर स्पिनर रवि बिश्नोई ने ُ६ आउट किया। वरुण नयनार को 10 रन पर प्रियजीतसिंह जडेजा ने पवेलियन भेजा।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची, स्मिथ कर रहे अगुआई

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरूआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक्स पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे।' टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के





सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोलंबो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे।

हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरूआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

# कोहली बन सकते हैं चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज, सभी को छोड़ेंगे पीछे



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने का सुनहरा मौका है। इस आईसीसी टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट में कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिनका आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान-दुबई में होंगे मैच

इस आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में होगा। भारत ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के मैच दुबई में कराने का फैसला किया था। भारत इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत इस टूर्नामेंट के लिए ग्रुप ए में शामिल है जिसमें गत चैंपियन पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी मौजूद है। पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया, लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था।

### गेल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं कोहली

चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 17 मैचों में 52.73 के औसत और 88.77 के स्ट्राइक रेट से 791 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। कोहली गेल के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। इस भारतीय बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में 13 मैचों में 88.16 के औसत और 92.32 के स्ट्राइक रेट से 529 रन बनाए हैं जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। कोहली का इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च निजी स्कोर नाबाद 96 रन है जो उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2017 में बनाया था। उन्होंने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः नाबाद 81 और नाबाद 76 रनों की पारी भी खेली है। कोहली गेल को पीछे छोड़ने से 263 रन दूर हैं। अगर कोहली इतने रन बना लेते हैं तो वह चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### बेहतर फॉर्म में नहीं चल रहे हैं कोहली

कोहली पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी में भी सफल नहीं हुए थे। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में घुटने में सूजन के कारण नहीं खेल सके थे, जबकि दूसरे मैच में सस्ते में आउट हुए थे। हालांकि, तीसरे मैच में उन्होंने अर्धशतक जरूर लगाया था।

# सुहास-मैरीकॉम और अवनि ने छात्रों का बढ़ाया उत्साह

## कहा- बिना नाकामी के कामयाबी नहीं मिलती

**नई दिल्ली।** भारत की महान मुक्केबाज मैरीकॉम, पैरालम्पिक स्टार अवनि लेखरा और सुहास एलवाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा पहल के तहत स्कूल के बच्चों को तनाव से निपटने के टिप्स देते हुए कहा कि नाकामी के बिना कामयाबी नहीं मिलती और कड़ी मेहनत हमेशा काम आती है। तीनों खिलाड़ियों ने बच्चों को नाकामी से उबरने, फोकस बनाए रखने और चुनौतियों का सामना करने की भी सलाह दी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे बच्चों के लिये 2018 से आयोजित किया जा रहा है।

### अवनि लेखरा ने छात्रों को दी यह सीख

दो बार की पैरालम्पिक चैम्पियन निशानेबाज लेखरा ने कहा, 'लोग कहते हैं कि सफलता असफलता की विलोम है, लेकिन मेरा मानना है कि नाकामी ही कामयाबी का सबसे बड़ा हिस्सा है। नाकामी के बिना कभी कामयाबी नहीं मिलती।' आम तौर पर टाउन हॉल प्रारूप में होने वाला परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस बार दिल्ली में सुंदर नर्सरी में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों को स्कूली बच्चों के सवालों का जवाब देने के लिये बुलाया। उन्होंने 10 फरवरी को इसकी शुरूआत खुद की।

### सुहास एलवाई ने कहा- आसानी से नहीं मिलती कामयाबी

दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार और आईएएस अधिकारी सुहास ने कहा, 'अच्छी चीजें आसानी से नहीं मिलती। सफर चलता रहना चाहिए। सूरज की तरह चमकना है तो जलने के लिये भी तैयार रहना होगा।' बच्चों ने दबाव, आशंकाएं, बेचैनी और भटकाव से जुड़े कई सवाल पूछे। सुहास ने बताया कि कैसे नाकामी के डर को मिटाने से उन्हें एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली।

उन्होंने कहा, 'आपका दिमाग ही आपका सबसे बड़ा दोस्त और दुश्मन है। मैंने 2016 में एशियाई चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मैं इतना डर गया था कि पहला मैच हार गया और दूसरे में पीछे चल रहा था। फिर 30 सेकंड के ब्रेक के दौरान मैने खुद से कहा कि जब इतनी दूर आये हो तो सबसे बुरा यही हो सकता है कि आप हार जाओगे। हार के डर से उबरकर अपना



**तीनों खिलाड़ियों ने बच्चों को नाकामी से उबरने, फोकस बनाए रखने और चुनौतियों का सामना करने की भी सलाह दी।**

### मैरीकॉम ने सुनाई अपनी कहानी

छह बार की विश्व चैंपियन और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम ने मुक्केबाजी कैरियर के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है । मैने यह चुनौती स्वीकार की क्योंकि मैं खुद को साबित करना चाहती थी और देश की सभी महिलाओं को बताना चाहती थी कि हम कर सकते हैं और मैं कई बार विश्व चैंपियन बनी।' उन्होंने कहा, 'आपके जीवन में भी अगर आप चुनौती का सामना करना चाहते हैं तो भीतर से मजबूत होना होगा। शुरूआत में मैने कई चुनोतियों का सामना किया। कई बार मैं हतोत्साहित हो जाती थी क्योंकि चुनौतियां काफी थी। हर क्षेत्र कठिन है। कोई शॉर्टकट नहीं होता। आपको मेहनत करनी होती है। अगर मैं कर सकती हूं तो आप क्यो नहीं।'

स्वाभाविक खेल दिखाओ।' सुहास ने कहा, 'मैंने वह मैच ही नहीं बल्कि छह मैच और जीते और चीन में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला गैर वरीय खिलाड़ी बना। सबक यह है कि हार के डर से उबर जाओ, सामने कौन है इसके बारे में सोचे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ दो।'

## गाजियाबाद जंक्शन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# 150 पुलिसकर्मी तैनात, डॉग स्क्वायड मौजूद; सिर्फ वैध टिकट वालों को एंट्री





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद जंक्शन पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में है। स्टेशन पर लगातार माइक से अनाउंसमेंट की जा रही है और यात्रियों को धैर्य रखने की अपील की जा रही है।

जीआरपी के सीओ मुरादाबाद सुदेश गुप्ता के अनुसार, स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 150 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। आरपीएफ और जीआरपी की विशेष टीमें तैनात हैं। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए डॉग स्क्वायड भी मौजूद है। स्टेशन के बाहर फोर्स लगाकर केवल वैध टिकट धारकों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। एक दिन पहले की स्थिति से अलग, अब व्यवस्था बेहतर नजर आ रही है। पहले जहां ट्रेनों में बैठे यात्री दरवाजे नहीं खोल रहे थे और बाहर खड़े लोग दरवाजे पीट रहे थे, वहीं अब स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारियों का कहना है कि प्रयागराज जाने के लिए पर्याप्त ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि अगर एक ट्रेन में जगह नहीं मिलती है तो वे अगली ट्रेन का इंतजार करें। रेलवे पुलिस, लोकल पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि भीड़ अधिक होने के कारण सभी ट्रेनें ओवरक्राउडेड हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका नहीं है।

## धौलाना में 4 करोड़ का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार: उड़ीसा से यूपी-दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने जा रहे थे



**धौलाना।** हाफिजपुर पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई में अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 4 करोड़ रुपये की कीमत का 8.01 क्विंटल गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी हाफिजपुर आशीष पुंडीर के अनुसार, एएनटीएफ से मिली सूचना के आधार पर हाफिजपुर थाने के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध कैंटर को रोकने का प्रयास किया गया। चालक के भागने की कोशिश करने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मवीर और सफेद सिंह के रूप में हुई है। दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले हैं। आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करने की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों से गांजा के अलावा तस्करी में प्रयुक्त कैंटर, 1,300 रुपये नकद, मोबाइल फोन और विभिन्न पहचान पत्र भी बरामद किए हैं। यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।




### व्यापार मडंल प्रधान का दांव हो गया फेल जब व्यापारी ने करा ली बेल

किस्सा करंट वाले कारोबार से जुड़ा है और किस्से में पावर सेटंर के तार भी हैं। सुना है कि सरकार वालों का दांव बेकार गया और पहले पुलिस से उठवाने का खेल था पुलिस ने जिस व्यापारी को उठाया था उस व्यापारी ने नहले पर दहला मारा और अपनी बेल करा ली। किस्सा शहर के व्यापारियों में गूंज रहा है और इस फिल्म में सबसे भला रोल पुलिस ने निभाया है। शहर वाले बता रहे है कि करंट का सामान बेचने वाले एक व्यापारी का मामला है। एक व्यापारी नेहरूनगर में रहता है तो दूसरे का ठिकाना शहर के चार गेटो के बीच में है। पचास पेटी का केस है और सीन अमानत में खयानत वाला बताया जाता है। एक व्यापार मडंल प्रधान के पास ये केस पहुंचा। उन्होने दबाव बनाने के लिये पुलिस को साथ लिया। कहा ये जा रहा है कि पावर सेंटर से जुड़े व्यापार मडंल प्रधान के कहने पर पुलिस ने व्यापारी को उठा लिया। फिर यूं हुया कि पुलिस भला उठाये गये व्यापारी को कब तक अपने थाने में बिठाती। कह दिया गया कि पुलिस का काम पैसे वापिस दिलवाने का नही है बस दबाव बनाने का है। इसके बाद पचास पेटी का केस शांतिभंग की धारा में दर्ज हुया। जिसे पुलिस उठा कर लाई थी उस व्यापारी ने अपनी बेल करा ली और व्यापार मडंल प्रधान जी फेल हो गये। सुना है अब बेल आऊट हुये व्यापारी ने भी रकम देने से साफ इंकार कर दिया है। किस्सा शहर मे गूंज रहा है।

### नही है कोई हर्ज बस आरोपी हो भाजपाई तो तत्काल एफआईआर दर्ज

साधू सरकार में पांच साल तक फूल वाले देवतुल्य गुहार ही लगाते रह गये कि हम ही सरकार में हैं और हमारी ही नही सुनी जा रही है। कालेज में कोई मंत्री आये तो ये देवतुल्य वहां जाकर उन्हे बतायें। प्रभारी मंत्री पूछे तो बताते बताते हो जाये देवतुल्यों की आवाज भारी। इसके बाद भी फूल खिला और इस बार गिला ही सबसे ज्यादा फूल वालों को हैं। मेयर और विधायक की बात छोड़ो यहां तो पार्षदों पर गाज गिर रही है। कहा गया है कि तहरीर बस भाजपा नेता के खिलाफ होनी चाहिये तत्काल एफआईआर दर्ज हो जायेगी। यशपाल पहलवान से लेकर कालीचरण पहलवान तक यही सीन है। सरदार सिंह भाटी तो डिप्टी मेयर रह चुके हैं ओर कई बार के पार्षद हैं, वो पार्टी के वरिष्ठ नेता भी हैं मगर इन भगवा सरदार के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हो गया। इससे पहले पुलिस द्वारा पार्षद सुधीर कुमार को भी जेल भेजा गया था। इससे पहले भी अलग अलग मामलों में कई मेंबरो को थाने में बिठाने के किस्सों की गूंज सबने सुनी है। युवा मोर्चा के युवा को लेकर तो भाजपाईयों को थाने में ही धरना देना पड़ा था। एक्स पार्षद मित्तल जी को तो एक अधिकारी ने यहां तक कह दिया था कि रस्सी जल गई मगर बल नही गये हैं। अब फूल वाले ही पूछ रहे हैं कि जो पुलिस आसानी से आम आदमी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नही करती वो पुलिस उस तहरीर पर तुरंत काम करती है जिसमे आरोपी भाजपाई होता है। वो कह रहे हैं कि पुलिस की नई नीति ये है कि रिपोर्ट दर्ज करने में नही हैं कोई भी हर्ज बस तहरीर में आरोपी भाजपाई होना चाहिये।

### कौन नेता रखता है कांग्रेस में 100 लोगो की भीड़ जुटाने की औकात

विपक्ष वालों की जुबान से ही हाथ वालों की शान में कसीदा निकला है। बात जनमुददो पर मोर्चा खोलने की हुई तो हाथ वाले लीडर ने ही कहा कि जिनके पास पद है हमें पता है इस मामले में उनका क्या कद है। कांग्रेस नेता ने ही कहा कि आज ही इस बात की तस्दीक करा लो कि कौन नेता कांग्रेस में 100 लोगो की भीड़ जुटाने की औकात रखता है।

## नशे में धुत युवकों ने पान विक्रेता को पीटा

# सिगरेट न देने पर भाई को कार से घसीटा, आरोपी फरार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रविवार रात करीब 11 बजे नशे में धुत तीन युवकों ने सिगरेट न देने पर पान विक्रेता और उसके भाई के साथ मारपीट की। घटना थाना शालीमार गार्डन के सी ब्लॉक की है, जहां उड़ीसा निवासी संजीत पात्रा पान की दुकान चलाते हैं।

**करीब 11 बजे नशे में धुत तीन युवकों ने सिगरेट न देने पर पान विक्रेता और उसके भाई के साथ मारपीट की।**

घटना के समय संजीत अपनी दुकान बंद कर रहे थे, तभी एक कार में सवार तीन नशेड़ी युवक आए और सिगरेट की मांग की। दुकान बंद होने का हवाला देकर सिगरेट देने से मना करने पर युवकों ने संजीत की पिटाई शुरू कर दी। पास में किराने की दुकान चलाने वाले उनके भाई संजय पात्रा ने बचाव का प्रयास किया, तो आरोपियों ने ईंट से उसके सिर पर वार कर दिया।

जब संजीत ने पुलिस को फोन करने की कोशिश की, तो आरोपी कार में भागने लगे। संजय ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उसे कार से घसीटते हुए ले गए। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर आरोपियों ने संजय को छोड़कर फरार हो गए। घायल संजय को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## युवती को बंधक बनाकर एक माह तक गैंगरेप

# युवक ने किडनैप कर चचेरे भाई के साथ मिलकर की दरिंदगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के भोजपुर में एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती को कमरे में बंधक बनाकर दो युवकों ने एक महीने तक सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। घटना दिसंबर 2024 की है, जब एक महिला ने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शुरूआत में मामला पॉक्सो एक्ट का लग रहा था, लेकिन जांच में पीड़िता बालिग पाई गई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान में खुलासा किया कि गांव का एक युवक उसे अगवा कर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने चचेरे भाई से भी पीड़िता का दुष्कर्म कराया। पुलिस की गिरफ्त में आए मुख्य आरोपी दीपांशु ने पूछताछ में बताया कि वह और पीड़िता एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। लेकिन परिजनों के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो सका। इसी कारण उसने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में पॉक्सो की धाराएं हटाकर सामूहिक दुष्कर्म की धाराएं जोड़ दी हैं और दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।

# खुर्जा में नौचंदी एक्सप्रेस पर पथराव

## रिटायर्ड विजिलेंस अधिकारी का सिर फूटा, गंभीर घायल, ट्रेन का शीशा टूटा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रयागराज से गाजियाबाद जा रही नौचंदी एक्सप्रेस पर खुर्जा के पास अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव कर दिया। इस घटना में गाजियाबाद के मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित जयपुरिया सनराइज ग्रीन के निवासी और सेवानिवृत्त विजिलेंस अधिकारी मृदुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, घटना खुर्जा स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर हुई, जब ट्रेन हापुड़ की ओर बढ़ रही थी। पत्थर के टकराने से ट्रेन का शीशा चकनाचूर हो गया और मृदुल कुमार के सिर से खून बहने लगा। घायल यात्री रायबरेली से अपने घर लौट रहे थे और उन्होंने नौचंदी एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कराया था। हापुड़ स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया, जहां घायल मृदुल कुमार का तत्काल उपचार किया गया। इस दौरान स्टेशन पर कुंभ मेले के लिए जाने वाले यात्रियों की भी लंबी कतार देखी गई। रेलवे सुरक्षा बल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि मामला बुलंदशहर से जुड़ा है। फिलहाल घायल का उपचार जारी है। सम्बन्धित अधिकारी को सूचित किया जा चुका है।

# बुजुर्ग ने घर ले जाकर सात साल की बच्ची से किया रेप का प्रयास

## बच्ची की सूझबूझ और हिम्मत से बची जान



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर क्षेत्र में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली 7 वर्षीय मासूम बच्ची को किडनैप कर रेप करने का प्रयास किया। बच्ची की सूझबूझ और हिम्मत ने उसे इस दरिंदगी का शिकार होने से बचा लिया। घटना उस समय हुई जब बच्ची दुकान की ओर जा रही थी। रास्ते में गांव का ही एक 45 वर्षीय व्यक्ति उसे जबरन अपने घर ले गया। वहां उसने बच्ची का रेप करने का प्रयास किया। लेकिन बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए न केवल अपना हाथ छुड़ाया बल्कि शोर भी मचा दिया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। बच्ची ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिवार ने तुरंत मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# नाले किनारे मिला 6 महीने का भ्रूण, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के अमित विहार कॉलोनी में नाले के किनारे एक अविकसित मानव भ्रूण मिला, जिसकी अनुमानित उम्र लगभग 6 महीने बताई जा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह के अनुसार, भ्रूण को प्लास्टिक के डिब्बे में सुरक्षित रखा गया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है, जिससे इस घटना से जुड़े किसी भी सुराग तक पहुंचा जा सके।

हैरानी की बात यह है कि कुछ दिन पहले ही शालीमार गार्डन क्षेत्र में भी इसी तरह का एक अविकसित भ्रूण मिला था। पुलिस दोनों घटनाओं के बीच संभावित संबंध की भी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जिससे भ्रूण की सही उम्र और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकेंगी।

# पुलिस व बदमाश में मुठभेड़, तीन गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश को गोली लग गई। जबकि बाकी तीन को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश की पहचान हापुड़ के हिस्ट्रीशीटर समीर के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पहले से 10 मुकदमे दर्ज हैं। घटना उस समय हुई जब बिसरख पुलिस रोजा गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। एक सफेद कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन कार ड्राइवर ने भागने की कोशिश की। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में समीर घायल हो गया।

फरार हुए अन्य बदमाशों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, जिनकी पहचान गाजियाबाद निवासी फहीम और मेरठ निवासी इस्माइल और वाहिद के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह ने 8-9 फरवरी की रात बिसरख में एक व्यक्ति से लिफ्ट के बहाने नकदी और एटीएम कार्ड लूटा था। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ हापुड़, गौतमबुद्धनगर और अलीगढ़ में हत्या, लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उनके पास से स्विफ्ट डिजायर कार, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।




## साइड लाइन थ्री-स्टार कब तक करेंगे वेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार साइड लाइन चलने वाले थ्री-स्टारों की संख्या में इजाफ होता जा रहा है। वहीं पुलिस के ही सूत्र बता रहे हैं कि बीते लगभग 50 दिनों के भीतर ही कई लोग को खेल बिगड़ा है। तो कईयों के समीकरण आने वाले दिनों में भी बदलने की सूचना मिल रही है। देहात वाले जोन में जिस टू-स्टार को अल्टीमेटम मिला था, उसकी हालत व हाल अभी भी ठीक नहीं बताए जा रहे हैं। वहीं देहात में कई और बदलाव होने की लगातार चर्चा चल रही है। इसी के साथ बीते दिनों जिस तरह से एक ही झटके में एक थ्री-स्टार को हटाया गया है, उसके बाद कई थ्री-स्टारों की टेंशन बढ़ी हुई बताई जा रही है। सुनने में आ रहा है कि जिस तरह से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री-स्टारों की साइड लाइन वाली गिनती बढ़ती जा रही है, उससे टू-स्टरों की मौज आई हुई है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि कई थ्री-स्टार इस टेंशन में हैं कि उनकी होली मनेगी भी या नहीं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा सुनाई दे रही है कि लंबे समय से लाइन व साइड लाइन के साथ ही सेल में जमे थ्री-स्टार भी अब वेट करते करते खुद को लेट महसूस कर रहे हैं। वहीं जिस तरह से लखनऊ वाले सूत्र कह रहे हैं कि महाकुभ के बाद महातबादला लिस्ट आएगी, उससे अभी भी कई थ्री-स्टार बदलाव वाले वेट में हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में देहात व नदियापार वाले जोन में जिस तरह से थ्री-स्टारों की संख्या कम और टू-स्टारों की गिनती बढ़ रही है, उसने भी पुराने थ्री-स्टारों को परेशान किया हुआ है। इसी के साथ जैसे हाल व हालात चल रहे हैं उनको देखते पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बढ़े बदलाव व समीकरण बदलने की संभावनाएं कुछ खास नहीं नजर आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में केवल दो ही ऐसे थ्री-स्टार हैं, जो लगातार अपनी पारी जारी रखे हुए हैं वरना कई तो साइड लाइन किए जा चुके हैं और कई रडार पर आ चुके हैं। अब देखना होगा कि आने वाले समय व लोकल तबादला लिस्ट में कोई टविस्ट् आता है या नहीं। वहीं कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तो कई ऐसे थ्री-स्टार भी हैं, जो अपने दिल और दीमाग से अब चार्ज वाला ख्याल भी निकाल चुके हैं। वहीं कुछ प्रयास के बाद भी इंतजार में बैठे हुए हैं।




# स्थानीय महिलाओं ने शराब के ठेके के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में थाना देहात क्षेत्र में देवनंदनी अस्पताल के सामने स्थित शराब के ठेके को लेकर स्थानीय महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में एकत्र हुई महिलाओं ने शराब ठेके के संचालन के खिलाफ आवाज उठाई। महिलाओं का आरोप है कि शराब ठेके के कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल बना हुआ है। शराब पीकर आने वाले लोग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं।

इतना ही नहीं, क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं का प्रदर्शन जारी है प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं की मांगों को देखते हुए पुलिस अफसर समझाने में जुटे हैं। महिलाओं ने हंगामा करते हुए शराब के ठेके को बंद करवा दिया। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की अभद्रता या अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल ठेका बंद कर प्रदर्शन जारी है।

## प्रयागराज से लौट रही नौचंदी एक्सप्रेस में खुर्जा पर पथराव

# रिटायर्ड विजिलेंस ऑफिसर घायल, हापुड़ में ट्रेन रोक कराया गया इलाज





**हापुड़ (करंट क्राइम)।** प्रयागराज से गाजियाबाद जा रही नौचंदी एक्सप्रेस पर खुर्जा के पास अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव कर दिया। इस घटना में गाजियाबाद के मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित जयपुरिया सनराइज ग्रीन के निवासी और सेवानिवृत्त विजिलेंस अधिकारी मृदुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, घटना खुर्जा स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर हुई, जब ट्रेन हापुड़ की ओर बढ़ रही थी। पत्थर के टकराने से ट्रेन का शीशा चकनाचूर हो गया और मृदुल कुमार के सिर से खून बहने लगा। घायल यात्री रायबरेली से अपने घर लौट रहे थे और उन्होंने नौचंदी एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कराया था। हापुड़ स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया, जहां घायल मृदुल कुमार का तत्काल उपचार किया गया। इस दौरान स्टेशन पर कुंभ मेले के लिए जाने वाले यात्रियों की भी लंबी कतार देखी गई। रेलवे सुरक्षा बल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि मामला बुलंदशहर से जुड़ा है। फिलहाल घायल का उपचार जारी है। सम्बन्धित अधिकारी को सूचित किया जा चुका है।

## न्यूज डायरी

## जर्मनी में एएफडी पार्टी के खिलाफ सड़कों पर 30 हजार लोग



**जर्मनी।** जर्मनी के आम चुनाव में सिर्फ एक सप्ताह रह गए हैं। इससे पहले धुर दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) के खिलाफ लोग सड़कों पर आ गए हैं। रविवार को बर्लिन में करीब 30 हजार लोगों ने पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया और निष्पक्ष चुनाव की मांग की। पिछले सप्ताहांत म्यूनिख में भी इसी तरह के एक प्रदर्शन में सवा लाख लोग शामिल हुए थे। कई लोगों नेअल्टरनेटिव फॉर जर्मनी की निंदा करते हुए नारे लिखी तख्तियां ले रखी थीं।

### इस साल जुलाई में ब्रिक्स की मेजबानी करेगा ब्राजील

**ब्राजील।** ब्राजील इस साल जुलाई में ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी करेगा। 6 और 7 जुलाई को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में होने वाले इस सम्मेलन में भारत के अलावा चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भाग लेंगे। सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ब्राजील 2025 तक विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह की अध्यक्षता करेगा। इस दौरान वह वैश्विक शासन सुधार और ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। भारत, ब्राजील, रूस और चीन ने साल 2009 ने 'ब्रिक' की स्थापना की थी। अगले साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका इस संगठन से जुड़ा, जिसके बाद इसे ब्रिक्स कहा जाने लगा। पिछले साल ईरान, मिस्र, इथोपिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ब्रिक्स में शामिल हुए।

### नेपाल में एक हफ्ते तक संसद में पेश नहीं होंगे 5 अध्यादेश

**नेपाल।** सरकार ने पांच अध्यादेशों को संसद में पेश किए जाने की योजना अगले हफ्ते तक टाल दी है। नेपाल सरकार ने 18 फरवरी को संसद के दोनों सदनों में अध्यादेश पेश करने की योजना बनाई थी, लेकिन सांसदों के राजधानी से बाहर होने के कारण अब इसे 23 फरवरी तक के लिए टाल दिया गया है। सत्ता पक्ष ने भूमि संबंधी अध्यादेश को छोड़कर बाकी पांच अध्यादेशों को संसद से पारित कराने की तैयारी की है। सत्तारूढ़ दल के प्रमुख सचेतकों की रविवार को हुई बैठक में विधेयकों को शीघ्र पारित कराने की रणनीति पर सहमति बनी। सिंह दरबार स्थित सीपीएन-यूएमएल संसदीय दल के कार्यालय में हुई बैठक में अध्यादेशों को पेश करने व उन्हें कार्यसूची में शामिल करने पर भी चर्चा हुई।

### आईएफआर में भाग लेने इंडोनेशिया पहुंचा भारतीय नौसैन्य दल



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के आईएनएस शार्दुल और लॉन्ग रेंज मैरीटाइम सर्विलांस पी-8-आई विमान अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) 2025 में भाग लेने के लिए रविवार को इंडोनेशिया के बाली पहुंचे। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 15 से 22 फरवरी तक आयोजित होने वाला आईएफआर एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम है। इसकी समीक्षा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो करेंगे। सिंगापुर में एक भारतवंशी सांसद को सिंगापुर की संसद में झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया है। भारतवंशी नेता प्रीतम सिंह ने संसदीय समिति के सामने झूठी गवाही दी, इसके चलते प्रीतम सिंह को संसद सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है और इस साल के आम चुनाव में उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लग सकती है। सिंगापुर की अदालत ने प्रीतम सिंह को दोषी माना है। सिंह पर एक अन्य सांसद के मामले में जांच कर रही संसदीय समिति के सामने झूठी गवाही देने का दोषी पाया गया है। सजा के तहत प्रीतम सिंह को तीन साल जेल और सात हजार सिंगापुरी डॉलर या दोनों की सजा हो सकती है।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे

**यूक्रेन।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता की लगातार उठ रही मांग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रविवार देर रात को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह सऊदी अरब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात को लंबे समय से शांति वार्ता के लिए संभावित स्थल के रूप में देखा जाता रहा है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से ही यहां बड़ी संख्या में रूस और यूक्रेन के प्रवासी आ पहुंचे हैं और अमीरात को पूर्व में मध्यस्थता का अनुभव भी है। जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के बाद जेलेंस्की अबू धाबी पहुंचे। उनके कार्यालय द्वारा जारी फुटेज में रविवार देर रात को हवाई अड्डे पर उन्हें और उनकी पत्नी ओलेना का अमीरात के अधिकारी स्वागत करते दिख रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद जेलेंस्की की यह यूएई की पहली यात्रा है। जेलेंस्की के कार्यालय ने ऑनलाइन संदेश में कहा, 'हमारी शीर्ष प्राथमिकता हमारे अधिक से अधिक लोगों को कैद से मुक्त कराकर स्वदेश वापस लाना है।' राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, 'हम निवेश और आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मानवीय कार्यक्रम पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।'

### बांग्लादेश में 41 पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश में पुलिस ने 41 पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जो 1,059 पूर्व पुलिसकर्मियों में शामिल हैं, जिन पर 2024 के छात्र नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान अत्याचार करने का आरोप है, जिसके कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा, अधिकारियों और मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बता दें कि, अवामी लीग की नेता शेख हसीना ने पिछले साल 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं, जब कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के भेदभाव विरोधी विरोध ने एक आंदोलन का रूप ले लिया और उनकी 16 साल की सरकार का पतन हो गया। जुलाई और अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 1,400 लोगों की मौत हो गई थी।

### चीन का दावा- ताइवान के मामले में अमेरिका ने अपने कदम पीछे खींचे

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को अमेरिकी सरकार के संशोधित तथ्य पत्रक पर आपत्ति जताई, जिसमें ताइवान की स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी विरोध की एक पंक्ति हटा दी गई थी। मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि अमेरिका ने ताइवान पर अपने रुख पर बहुत पीछे खींचे और द्वीप पर अलगाववादी ताकतों को गलत संदेश भेजा है। चीन में कम्युनिस्टों के सत्ता में आने के बाद 1949 में गृहयुद्ध के दौरान ताइवान और चीन अलग हो गए थे। पराजित राष्ट्रवादी ताइवान भाग गए और वहां एक प्रतिद्वंद्वी सरकार स्थापित की। ताइवान की अपनी सरकार और सेना है, लेकिन उसने कभी भी चीन से औपचारिक स्वतंत्रता की घोषणा नहीं की है। एक दैनिक मीडिया ब्रीफिंग में संशोधन के बारे में पूछे जाने पर गुओ ने कहा, 'हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह ताइवान की स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और उसका समर्थन करना बंद करे और चीन-अमेरिका संबंधों और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति और स्थिरता को और नुकसान पहुंचाने से बचें।'

# यूक्रेन युद्ध पर बातचीत के लिए तैयार हुआ रूस!

## सऊदी अरब में होगी क्रेमलिन और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक



**मास्को।** लंबे समय से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के खत्म होने के आसार नजर आने लगे है। रूस बातचीत के लिए तैयार हो गया है। क्रेमलिन का कहना है कि शीर्ष रूसी अधिकारी मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन में युद्ध के मुद्दे पर बातचीत करेंगे।

### मंगलवार को अमेरिकी अधिकारियों के साथ मंथन

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे।

### सऊदी अरब जा रहे हैं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सऊदी अरब जा रहे हैं, जहां वे रूसी अधिकारियों के साथ सीधी वार्ता करेंगे। इन बैठकों का उद्देश्य यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक समाधान तलाशना है। रूस और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और यूक्रेन युद्ध के बीच यह वार्ता वैश्विक राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल मानी जा रही है।

### यूक्रेन संकट के समाधान पर चर्चा

पेस्कोव ने कहा कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य 'रूस-अमेरिका संबंधों के संपूर्ण ढांचे को बहाल करना' है। इसके साथ ही यूक्रेन संकट के समाधान पर चर्चा और दोनों राष्ट्रपतियों की संभावित बैठक को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि वे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए सऊदी अरब जाएंगे।

# अमेरिका में कड़ाके की सर्दी के बीच नौ लोगों की मौत, भारी बारिश के कारण उफान पर नदियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कड़ाके की सर्दी के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। मारे गए लोगों में से आठ लोग केंटकी के रहने वाले थे और इनकी मौत भारी बारिश के कारण नदियों के उफान पर होने और सड़कों पर पानी भर जाने के कारण हुई।

केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने रविवार को कहा कि बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को बाहर निकाला जाना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राज्य के लिए आपदा घोषित कर दी है, जिससे संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी को पूरे राज्य में राहत कार्य शुरू करने का अधिकार मिल गया।

### लोगों से अभी सड़कों पर न निकलने की अपील

बेशियर ने बताया कि कई मौतें कारों के पानी में फंस जाने के कारण हुईं, जिनमें एक मां और उसका सात वर्षीय बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा, ' तो दोस्तों, अभी सड़कों पर न निकलें और सुरक्षित रहें। यह खोज और बचाव का चरण है तथा मुझे उन सभी केंटकी के लोगों पर बहुत गर्व है, जो अपनी जान



जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं।'

### तूफान के बाद से 1000 लोगों को बचाया गया

बेशियर ने बताया कि तूफान शनिवार को शुरू हुआ, जिसके बाद से पूरे राज्य में 1,000 लोगों को बचाया गया है। उन्होंने बताया कि तूफानों के कारण लगभग 39,000 घरों की बिजली काटी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के कारण बिजली कटौती बढ़ सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, केंटकी और टेनेसी में बारिश से हालात और बिगड़ गए हैं। नेशनल वेदर सर्विस के वरिष्ठ पूवार्नुमानकर्ता बॉब ओरेवेक ने कहा कि केंटकी और टेनेसी के कुछ हिस्सों में छह इंच तक बारिश हुई।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने 8वें हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित किया, भारत-ओमान संबंधों को बताया खास

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ओमान दौरे पर हैं। सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान में आयोजित हो रहे आठवें हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधति किया। डॉ. जयशंकर ने भारत और ओमान के कूटनीतिक संबंधों के 70 साल पूरे होने के अवसर पर एक लोगो भी लॉन्च किया। साथ ही दोनों देशों की साझा विरासत पर एक किताब का विमोचन भी किया।

### क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर फोकस

विदेश मंत्रालय ने बयान में बताया विदेश मंत्री आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन में विदेश मंत्री भारत के समर्पण को रेखांकित करेंगे, जिसमें क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने और स्थिर और समृद्ध हिंद



महासागर क्षेत्र की बात कही गई है। विदेश मंत्री ने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर बात की गई। विदेश मंत्री ने ओमान की सरकार को हिंद महासागर सम्मेलन आयोजित करने के लिए सराहा।

### विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री के साथ मिलकर 'मांडवी टू मस्कट : भारतीय समुदाय और भारत और ओमान का साझा इतिहास' नामक किताब का विमोचन किया। इस किताब में ओमान में भारतीय मूल के लोगों के योगदान और सदियों पुराने दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर प्रकाश डाला गया है। हिंद महासागर सम्मेलन से इतर डॉ. जयशंकर ने ब्रुनेई, बांग्लादेश, ईरान, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस, नेपाल के विदेश मंत्रियों से भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इन बैठकों में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आपसी सहयोग और हिंद महासागर में समन्वय और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

# नवलनी की मौत को एक साल पूरा, पुतिन के खिलाफ सबसे करिश्माई नेता के जाने से बिखरा विपक्ष

**मास्को।** रूस की जेल में रहने के दौरान एक साल पहले पुतिन के विपक्षी नेता एलेक्सेई नवलनी की मौत हो गई थी। रूस समेत पूरी दुनिया के लिए ये खबर चौंकाने वाली थी। 47 साल के नवलनी की मौत के बाद से रूस में विपक्ष अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रहा है। नवलनी की मौत के एक साल बाद भी रूस में विपक्ष संघर्ष कर रहा है और एक संयुक्त मोर्चा बनाने में विफल रहा है। इसके उलट विपक्षी नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं। ऐसी स्थिति में फिलहाल कोई पार्टी या नेता रूस में व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को चुनौती देता हुआ नहीं नजर आ रहा।

### नवलनी की मौत से पुतिन विरोधी निराश

नवलनी की मौत से रूस में पुतिन के विरोधियों को बड़ा झटका लगा है।



एक पुतिन विरोधी ओलेग इवानोव ने बताया कि नवलनी का जाना एक ऐसा शून्य छोड़ गया है, जिसे भरना असंभव है। इवानोव रूस छोड़कर अब लॉस एंजिलिस में रहते हैं। इवानोव ने कहा कि एलेक्सेई नवलनी रूस की एकमात्र उम्मीद थे, जो बदलाव चाहने वाले लोगों को इकट्ठा कर सके। उन्होंने कहा कि अब रूस में ऐसा कोई नहीं बचा है, जो पुतिन का विरोध कर सके। साल 2017 में रूस में बड़े पैमाने पर हुए पुतिन विरोधी प्रदर्शनों के दौरान इवानोव भी शामिल रहे थे। रविवार को नवलनी की मृत्यु की सालगिरह पर उनके समर्थक अपने नेता को श्रद्धांजलि देने उमड़ पडे। मॉस्को के बोरिसोव्स्की कब्रिस्तान में नवलनी की कब्र को फूलों और कार्डों से ढक दिया गया था।


एलेक्सेई नवलनी की 16 फरवरी 2024 को जेल में मौत हो गई थी। जेल अधिकारियों ने नवलनी की मौत के कारण प्राकृतिक बताए थे और दावा किया कि अचानक रक्तचाप बढ़ने और पुरानी बीमारियों के चलते नवलनी की जान गई। हालांकि नवलनी के समर्थक और परिजनों ने इस दावे को खारिज कर दिया है और उनका दावा है कि क्रेमलिन के आदेश पर नवलनी की हत्या की गई। 1 मार्च को मॉस्को के बोरिसोव्सकी कब्रिस्तान में नवलनी को दफनाया गया था। उस दौरान हजारों लोग उनकी कब्र पर फूल चढ़ाने आए थे।

# मोदी-ट्रंप के बीच हुआ रचनात्मक संवाद

## भारतवंशी बोले- और प्रगाढ़ होंगे द्विपक्षीय संबंध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे ने भारतवंशियों में नया उत्साह भर दिया है। भारतवंशियों ने पीएम मोदी व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रमुख नेता प्रेम भंडारी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के चौथे नेता हैं, जिनसे राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल के पहले महीने में मुलाकात की है। यह द्विपक्षीय संबंधों के महत्व को दशार्ता है। पीएम मोदी के साथ राष्ट्रपति ट्रंप की दोस्ती उनके पहले कार्यकाल के दौरान मजबूत हुई। ह्यूस्टन व अहमदाबाद में हुए भव्य आयोजनों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई भी दिया। भंडारी ने कहा, इस बार भी हमने जो देखा वह व्यापार, शुल्क व आव्रजन नीतियों जैसे चुनौतियों के



बावजूद उनकी व्यक्तिगत केमिस्ट्री का विस्तार था।

इंडियास्पोरा के संस्थापक व अध्यक्ष एमआर रंगास्वामी ने कहा, हम पीएम मोदी व राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिका-भारत संबंधों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं। यह प्रतिबद्धता दोनों नेताओं के बीच मजबूत व्यक्तिगत तालमेल व दो महान लोकतंत्रों के बीच स्थायी साझेदारी से मजबूत होती है। हमें विश्वास है कि भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सेतु के रूप में काम करना जारी रखेंगे। इससे गहन सहयोग को बढ़ावा मिलेगा जो अमेरिकी व भारतीय नागरिकों दोनों के लिए समृद्धि, नवाचार व सुरक्षा को बढ़ाएगा।

भले ही इस समय भारत व अमेरिका जटिल द्विपक्षीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन उनके संबंध इतने व्यापक व परिपक्व हैं कि कुछ विषयों पर भिन्न राय को समायोजित किया जा सकता है। इंडियास्पोरा ने नए ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों को प्रमुख भूमिकाएं निभाते हुए देखकर भी उत्साह व्यक्त किया। मालूम हो कि पीएम मोदी का अमेरिका में प्रवासियों ने भव्य स्वागत किया था।

### ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों की प्रमुख भूमिकाओं पर जताई खुशी

इंडियास्पोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा, भारत-अमेरिका संबंधों को समर्थन देने वाली मजबूत द्विदलीय सहमति दोनों देशों के लिए वैश्विक नेतृत्व प्रदर्शित करने तथा अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के अनूठा अवसर का सृजन करती है। दोनों नेताओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे संवाद को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दोनों देश अपने आर्थिक, राजनीतिक व सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करें।

# केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत का मामला

## पीएम केपी शर्मा ओली बोले- हम संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है

**काठमांडू।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में केआईआईटी यूनिवर्सिटी (कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी) के हॉस्टल में नेपाल की एक बी.टेक तृतीय वर्ष की छात्रा की मौत के मामले का नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने संज्ञान लिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया है कि ओडिशा में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय के छात्रावास में एक नेपाली छात्र की मौत हो गई है और नेपाली छात्रों को जबरन छात्रावास से निकाल दिया गया है। सरकार इस मामले पर कूटनीतिक तरीके से काम कर रही है और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है।'

### अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए संस्थान किया गया बंद

वहीं केआईआईटी यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी किए गए नोटिस के




### नेपाली छात्रों का विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप

वहीं दूसरे नेपाली छात्र राजन गुप्ता ने बताया कि, 'हम मृत लड़की के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। हमें नहीं पता कि उनके इरादे क्या हैं, लेकिन हमें जबरन हॉस्टल खाली करने के लिए मजबूर किया गया। ट्रेन का कोई तय शेड्यूल नहीं है, मेरे पास पैसे नहीं हैं। हमें खाना भी नहीं मिला है। हम असहाय हैं...हमें नोटिस मिला है कि नेपाल के सभी छात्रों को निलंबित किया जा रहा है, और उन्हें जल्द से जल्द हॉस्टल खाली करना होगा। स्टाफ के सदस्य हॉस्टल में घुस आए, हमें खाली करने के लिए मजबूर किया और जो लोग जल्दी से जल्दी खाली नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा भी।

अनुसार, इस घटना के बाद संस्थान को नेपाल के सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तुरंत यूनिवर्सिटी कैंपस खाली करने का निर्देश दिया गया है।

इसके बाद घर रवाना होने के दौरान नेपाल के छात्र अनिल प्रसाद यादव ने बताया कि आज हमें छात्रावास से जबरन निकाल दिया गया। कल नेपाल की एक लड़की मृत पाई गई थी। मामले में हम अंतरराष्ट्रीय कार्यालय गए थे लेकिन हमें कोई जानतकारी नहीं मिली। हम वहां पूरी रात रुके, धरना भी दिया। हमें वहां से वापस हॉस्टल भेज दिया गया। इसके बाद हमें एक घंटे के भीतर अपना सामान समेट कर चले जाने को कहा गया। हमारे पास कुछ भी नहीं है। हमें नहीं पता कि हम कैसे जाएंगे। हमने खाना भी नहीं खाया है...हम टिकट लेने की कोशिश कर रहे हैं।

# अमेरिका से डिपोर्ट 112 भारतीयों का तीसरा बैच अमृतसर पहुंचा

## इनमें हरियाणा के 44, पंजाब के 33 लोग; अब तक 332 लोगों को लौटाया



**अमृतसर।** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों का तीसर बैच 16 फरवरी को रात 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के उ-17 अ ग्लोबमास्टर विमान में 112 लोगों आए हैं। इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं। करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद ये लोग एयरपोर्ट से बाहर आए। हरियाणा के लोगों के लिए पुलिस के अधिकारी वॉल्वो बस लेकर पहुंचे।

एयरपोर्ट पर अमृतसर की ऊ साक्षी साहनी भी पहुंचीं। उन्होंने कहा कि सभी लोग शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं। डिपोर्ट किए गए लोगों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। बच्चों को डाइपर के साथ दूध उपलब्ध करवाया।

बताया जा रहा है कि देश के 18 हजार लोगों को भारत भेजा जाएगा, जिनमें करीब 5 हजार लोग हरियाणा हैं। अब तक कुल 332 भारतीय डिपोर्ट हो चुके हैं। वहीं, शनिवार रात साढ़े 11 बजे अमेरिकी विमान 116 भारतीयों का दूसरा बैच लेकर अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था। महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़ियां-बेड़ियां लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरें डाली गईं थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रिसीव करने के लिए पहले अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचे थे, लेकिन विमान के आने में देरी की वजह से वे लौट गए। इसके बाद पंजाब सरकार की तरफ से 2 मंत्रियों, कुलदीप धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब के युवकों को रिसीव किया। इस दौरान मंत्री कुलदीप धालीवाल ने रात 1 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचकर कहा, 'उन्हें बड़ा दुख हुआ कि हरियाणा सरकार ने अमेरिका से डिपोर्ट किए अपने लोगों के लिए कैदियों वाली बस भेजी। उन्होंने हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज से कहा कि पंजाब ने अच्छी गाड़ियां लगाई हैं। विज ट्रांसपोर्ट मंत्री हैं, उन्हें कोई अच्छी बस भेजनी चाहिए थी। हरियाणा से कोई मंत्री, टछअ या भाजपा नेता तक यहां नहीं आया।'

### दूसरे बैच में पंजाब के 65, हरियाणा के 33, गुजरात के 8 लोग

शनिवार को जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं। पिछले बैच को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सवाल किए थे कि जब सबसे ज्यादा 33-33 लोग हरियाणा और गुजरात के थे तो विमान को अहमदाबाद या अंबाला की जगह पंजाब क्यों उतारा गया? हालांकि, इस बैच में सबसे ज्यादा पंजाबियों को लौटाया गया।

# चिन्हित होंगे धूल उत्सर्जन करने वाले स्थान, हरियाली को बढ़ावा देगा उद्यान : नगर आयुक्त

## निगम बना रहा है वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर 3 साल की प्लानिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एयर क्वालिटी सुधार को लेकर गाजियाबाद नगर निगम निरंतर प्रयासरत है जिसके क्रम में उपकरणों के माध्यम सेएंटी स्मोक गण तथा वॉटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव भी लगातार हो रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम शहर को धूल मुक्त बनाने के लिए योजना बना रहा है जिसमें आधुनिक तकनीकी लिडार से ऐसे स्थान जहां से धूल उत्सर्जित होती है चिन्हित किया जाएगा सर्वे होगा।





### आधुनिक तकनीकी लिडार से होगा शहर की सड़कों का सर्वे

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के क्रम में आगामी तीन साल की योजना बना रहा है जिसके लिए निगम के निर्माण विभाग उद्यान विभाग के साथ-साथ एक्सपर्ट के साथ भी बैठक की गई। बैठक में शहर के फुटपाथ, सड़कों, चौराहे, फ्लावर के नीचे का स्थान, व अन्य स्थान जहां से धूल उत्सर्जित होती है उन्हें चिन्हित करने की योजना बनाई जा रही है, जिनका निर्माण विभाग पूर्ण रूप से मरम्मत करेगा तथा उद्यान विभाग आवश्यकता अनुसार पेड़ पौधों को लगाएगा जिस शहर की सड़कों को धूल मुक्त बनाया जाएगा तथा ग्रीनरी को भी बढ़ाया जाएगा, आधुनिक तकनीकी से सर्वे करने के लिए योजना बनाई गई है।

### शहर की सड़कें होंगी धूल से मुक्त और बढ़ेगी ग्रीनरी

**करंट क्राइम।** आगामी 3 साल तक गाजियाबाद नगर निगम शहर को पूर्ण रूप से धूल मुक्त बनाने के लिए प्लानिंग कर रहा है गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद बनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा एक्सपर्ट के माध्यम से तैयारी की जा रही है। बैठक में संपत्ति विभाग के अधिकारी निर्माण विभाग के अधिकारी तथा उद्यान विभाग की टीम उपस्थिति रही। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पांचों जोन की प्रमुख सड़कों को पूर्ण रूप से धूल मुक्त बनाया जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से डेमो देखा गया, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज भी बैठक में उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में शराब पीने वालों पर 3 घंटे के अभियान में 600 लोग पकड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में रात 7 से 10 बजे के बीच कुल 600 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 301 लोगों को पकड़ा गया।

इनमें घंटाघर से 53, विजयनगर से 55, सिहानी गेट से 29, नंदग्राम से 64, कवि नगर से 48 और मधुबन बापूधाम से 52 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन से 157 लोगों को पकड़ा गया। इनमें लोनी से 19, टोनिका सिटी से 12, अंकुर विहार से 10, लोनी बॉर्डर से 16, मसूरी से 12, मुरादनगर से 27, मोदीनगर से 9, निवाड़ी से 2, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 9 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 31 लोग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, खुले में शराब पीने वालों की वजह से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटिल ने बताया कि ट्रांस हिंडन जोन से खुले में शराब पीते हुए 142 लोगों को पकड़ा गया। जिसमें थाना इंदिरापुरम से 26 कौशांबी से 27 साहिबाबाद से 24 लिंक रोड से 22 शालीमार गार्डन से 23 टीला मोड़ से 29 लोगों को पकड़ा गया।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को कर्पूरी ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र भारद्वाज व विजय चौधरी ने संयुक्त रूप से की नरेंद्र भारद्वाज और विजय चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि कर्पूरी ठाकुर दलित शोषण पिछड़े वर्ग और अनेक सामाजिक लोगों के नेता थे। कर्पूरी ठाकुर ने जिन्होंने अपने सामाजिक जीवन में बहुत बड़े कार्य किए और दलितों पिछड़ों और वंचितों की आवाज बनकर पूरे जीवन भर कार्य करते रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे विजयपाल चौधरी जिला अध्यक्ष ओबीसी, सिराजुद्दीन, इंद्रपाल प्रधान, बलराज सिंह चावड़ा, शेखर शर्मा, संजय सिरोही, कम प्रधान, लक्ष्मण जाटव, साहिल ठाकुर, नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह, हुमायूं मिर्जा आदि लोग उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से बने मदरसे पर चला बुलडोजर



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव सारा में तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बने मदरसे को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दो प्लाटून पीएसी और सात थानों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही। उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता और एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों की मदद से चार घंटे के अंदर पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह मदरसा काफी समय से विवादों में था और इसकी शिकायत स्थानीय निवासी डीके शर्मा सहित अन्य लोगों ने की थी। जांच में पाया गया कि मदरसा पूरी तरह से अवैध था। छह महीने पहले भी मदरसे के एक हिस्से को ध्वस्त किया गया था, जिसके बाद मदरसा संचालक ने खुद बाकी अवैध निर्माण हटाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस बीच सनातन हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने कई बार मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर मदरसे को ध्वस्त करने की मांग की थी। तीन दिन पहले भी इस मुद्दे पर प्रदर्शन हुआ था।

# इंदिरापुरम में हाउस टैक्स वसूली को लेकर चला अभियान

## हैबिटेट मॉल और रॉयल टावर में हुई सीलिंग की बड़ी कार्रवाई, 32 लाख की हुई वसूली

### सिटी जोन की वसूली बढ़ाने हेतु अधिकारियों ने बनाई कार्य योजना







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार सभी जोन अंतर्गत हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के लिए कार्यवाही चल रही है जिसके क्रम में वसुंधरा जोन में बड़ी कार्यवाही करते हुए हैबिटेट मॉल अहिंसा खंड तथा रॉयल टावर वैभव खंड में सीलिंग की कार्रवाई की गई। सीलिंग के उपरांत दुकानदारों द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा कराया गया लगभग, हैबिटेट मॉल पर लगभग डेढ़ करोड़ बकाया है, 32 लाख की वसूली हुई। मौके पर वसुंधरा जोन की प्रभारी सुनील राय व अन्य टीम उपस्थित रही।

गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर वासियों को अपना बकाया हाउस टैक्स जमा करने के लिए अपील कर रहा है बड़े बकायदार जो कि अपना हाउस टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सिटी जोन अंतर्गत वसूली बढ़ाने के लिए अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा सिटि जोनल प्रभारी महेंद्र व अन्य टीम के साथ बैठक की लक्ष्य पूर्ति के लिए मोटिवेट किया मौके पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव भी उपस्थित रहे।

हाउस टैक्स वसूली के क्रम में चल रहे अभियान में सभी जोन बेहतर कार्य कर रहे हैं।

प्रातः 8:00 बजे से अभियान को शुरू कर जाता है सभी कर अधीक्षक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में हाउस टैक्स वसूली को बढ़ा रहे हैं। शहर को विकास की रफ्तार देने के लिए हाउस टैक्स जमा करने के लिए लगातार अधिकारी करदाताओं की सहूलियत के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं जो कि सराहनीय हैं, चेक के माध्यम से, ऑनलाइन भुगतान, जोनल कार्यालय तथा कैंप के माध्यम से भी करदाता हाउस टैक्स का भुगतान कर रहे हैं।

# नोएडा प्राधिकरण ने लिया एक्शन

## बिल्डर के खिलाफ वित्तीय जांच के लिए ई ओ डब्ल्यू को लिखा पत्र

### कामर्शियल के दो आवंटन किए निरस्त





**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग के बिल्डर पर बकाया जमा नहीं करने पर आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली से वित्तीय जांच का आग्रह किया। वहीं कामर्शियल विभाग के एक डिफाल्टर आवंटी के दो आवंटनों को निरस्त कर दिया गया है।

2011 में बिल्डर को किया था प्लाट आवंटन प्राधिकरण ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-1सी सेक्टर-143बी में 10306.12 वर्गमीटर सब डिवीजन जीएसएस प्रोकॉन प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 10 अगस्त 2010 को किया गया था। 19 अगस्त 2011 को लीज डीड करते हुए 29 अगस्त 2011 को प्लाट पर कब्जा दिया गया। प्लाट की लागत का पैसा जमा नहीं करने पर बिल्डर को बार बार प्राधिकरण ने नोटिस जारी किए। बिल्डर का प्राधिकरण पर करीब 90.54 करोड़ रुपए बकाया है। ये पैसा अब तक बिल्डर ने जमा नहीं किया।

एक आवंटी के दो दुकानों का आवंटन निरस्त इसके अलावा कामर्शियल विभाग में बार बार नोटिस जारी करने के बाद भी दो आवंटियों ने पैसा जमा नहीं किया। इसमें हेवन होटल एंड रिसोर्ट को जयपुरिया प्लाजा सेकेंड फ्लोर सेक्टर-26 पर दो दुकानों का आवंटन किया गया था। इसमें पहली दुकान 401/डी68ए एरिया करीब 178.43 वर्गमीटर का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। इस पर 38 लाख 50 हजार 260 रुपए का बकाया है। इसी तरह दूसरी दुकान 402/डी68ए का एरिया 178.34 का आवंटन निरस्त कर दिया है।

### अन्य परियोजनाओं में पैसा किया डायवर्ट

परियोजना के प्रमोटर हरविंदर सिंह सिक्का, गुरनीत सिंह सिक्का, प्रमोद गोयल, संदीप गोयल ने इस परियोजना के तहत फ्लैट बेचे। इस दौरान जो पैसा आया उसे प्राधिकरण में जमा नहीं कराकर अन्य परियोजना में डायवर्ट किया। इसके कारण फ्लैट बायर्स को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वित्तीय अनियमितता के चलते प्राधिकरण ने आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली से मामले की जांच का आग्रह करते हुए पत्र लिखा है।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहिधियो यो नः प्रचोदयात्



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री नानक चन्द गोयल (शीरे वाले)
दिनांक 6 फरवरी 2025 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर, प्रभु चरणों में लीन हो गए। प्रभु की ऐसी इच्छा थी। उनकी आत्मिक शांति हेतु हवन एवं रस्म पगड़ी दिनांक 19 फरवरी 2025, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

।। कार्यक्रम ।।
हवन ........ प्रातः 9.00 बजे
ब्रहम भोज (प्रसाद वितरण)........ प्रातः 11.00 बजे

निवास : एस ए – 91, शास्त्री नगर, निकट सेन्ट मैरी स्कूल, गाजियाबाद

श्रद्धांजली सभा एवं रस्म पगड़ी ........ सायं 3 से 4 बजे तक

कार्यक्रम स्थल : "हिन्दी भवन" लोहिया नगर, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार :
धर्मपत्नी: श्रीमती रेखा गोयल
पुत्र-पुत्रवधू: निखिल-प्रीति गोयल, अंकुर-पायल गोयल
पुत्री - दामाद: रश्मि - तुषार गुप्ता
नाति-नातिन: सुहाना, नायशा
पौत्र-पौत्री: भव्या, कर्तव्य, रिधिमा, सुमुख

प्रतिष्ठान :
पी. पी. रियलकॉन प्रा. लि.
आर. एन. कन्स्ट्रक्शन

निवास स्थान :
एस ए-91, शास्त्रीनगर, निकट सेन्ट मैरी स्कूल, गाजियाबाद (यू.पी.)
मो. : 9810120499, 9891045010

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई कर्पूरी सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी सिंह ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक सामाजिक आंदोलन के प्रतीक रहे हैं। दरअसल, मंडल कमीशन लागू होने से पहले कर्पूरी ठाकुर बिहार की राजनीति में वहां तक पहुंचे जहां उनके जैसी पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के लिए पहुँचना लगभग असंभव ही था। वे बिहार की राजनीति में गरीब गुरबों की सबसे बड़ी आवाज बन कर उभरे थे।



इस मौके पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश खंडेलवाल, वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद्र यादव एडवोकेट, अनिल चौधरी जिला अध्यक्ष व्यापार सभ,ा मोहम्मद चांद हुसैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव, जॉनी गुप्ता, नवीन कुमार शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह, राहुल रावत , कार्यालय प्रभारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# पटरी माफियाओं से व्यापारी परेशान प्रशासन जल्द खोजे समाधान : राजू छाबड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुकानदार अपनी दुकान खोल या ना खोलें लेकिन सरकार द्वारा पटरी माफियाओं को हर तरह की छूट दी जा रही है। इन पटरी माफियाओं ने दुकानों से 4 फुट आगे पट्टी खींच दी है और कह रहे हैं कि हम इसके अंदर यहीं पर ही बाजार लगाएंगे। क्या यह सही है दुकानदार अपनी जब दुकान खोलेगा तो ग्राहक स्कूटर, मोटरसाइकिल दुकानदार के स्टाफ की स्कूटर मोटरसाइकिल कहां लगाएगा। यह सारासर गलत है। शासन प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए। ऐसा ना हो कि सब व्यापारियों को भी आंदोलन करना पड़े। व्यापारी हर तरह का टैक्स, हाउस टैक्स, सेवर टैक्स, कमर्शियल टैक्स जीएसटी देता है जबकि सरकार को इन पटरी वालों से किसी भी प्रकार का कोई भी टैक्स नहीं दिया जाता। हम सब व्यापारियों को उसे सरकार में दबाया जा रहा है जिसमें व्यापारियों को सरकार की रीड की हड्डी का नाम दिया जाता है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ved Prakash Garg is with Himanshu Prakash Garg and Ujjwal Prakash Garg.
1h ·

आज हमारे प्रतिष्ठान प्रकाश टेक्सटाइल पर श्री रविकांत जी त्रिलोकपुरी विधानसभा दिल्ली से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक एवं जितेंद्र ढेड़ा ( भाजपा जिला अध्यक्ष ) मयूर विहार दिल्ली पधारे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेहमान को सम्मान प्रकाश टेक्सटाइल की परम्परा है। वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले ओर उनके पुत्रों उज्ज्वल प्रकाश गर्ग तथा हिमांशु प्रकाश गर्ग ने सम्मान की इस संस्कृति को अपने व्यक्तित्व के भीतर समाहित किया है। सम्मान की ये परिपाटी ये संदेश केवल उत्तर प्रदेश के लिए ही नहीं है। सम्मान की संस्कृति ये संदेश दिल्ली विधान सभा तक पहुंचा है। दिल्ली विधान सभा के 2 विधायक जब प्रकाश टेक्सटाइल प्रतिष्ठान पर पहुंचे तो सम्मान का संदेश दिया गया। वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।